कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेलवे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर – 342001

email- jdajodhpur@yahoo.com वेब–साईट jodhpurjda.org Phone No. 0291-2612086/2656355-7 Fax 021-2612086

क्रमांक/बैठक/2018/819 दिनांक :: 2-8-2018

बैठक कार्यवाही विवरण

प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक श्री दुर्गेश कुमार बिस्सा, आयुक्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर एवं अध्यक्ष, कार्यकारी समिति की अध्यक्षता में उनके कक्ष में दिनांक 27 जुलाई, 2018 को प्रातः 11.00 बजे आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित अधिकारियों का विवरण परिशिष्ट–1 पर उपलब्ध है।

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निम्नलिखित अनुसार निर्णय लिये गयेः–

प्रस्ताव संख्या 1 :: गत बैठक दिनांक 18 जून, 2018 में लिये गये निर्णयों की पुष्टि

गत बैठक दिनांक 18 जून, 2018 का कार्यवाही विवरण जारी किया जाकर सभी को प्रेषित किया जा चुका है। अतः कार्यकारी समिति की गत बैठक दिनांक 18 जून, 2018 का कार्यवाही विवरण पुष्टि हेतु प्रस्तुत है।

निर्णय

बैठक में विचार विमर्श सर्व सम्मति से गत बैठक दिनांक 18 जून, 2018 में लिये गये निर्णयों की पुष्टि करते हुए जारी कार्यवाही विवरण की पुष्टि करने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या 2 :: उजलिया से लाछा बासनी तक सडक निर्माण कार्य की निविदा में प्राप्त दरों के अनुमोदन बात।

उपरोक्त कार्य हेतु प्राप्त प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति क्रमांक 246, दिनांक 10.05.2016 राशि रूपये 188.62 लाख की प्राप्त की जाकर दिनांक 20.05.2016 को उक्त कार्य की ई–निविदा आमंत्रित की गई थी, जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 28.06.2016 को खोली गई तथा निम्न चार फर्मों की तकनीकी बिड प्राप्त हुई –

1. मैसर्स सायर ट्रेडर्स, जोधपुर।
2. मैसर्स छगनीराम गहलोत, जोधपुर।
3. मैसर्स धायल कन्सट्रक ान कम्पनी, जोधपरु।
4. मैसर्स जय भारत कन्सट्रक ान कम्पनी, जोधपुर।

तकनीकी समिति द्वारा तकनीकी बिड की जाँच में उक्त चारों निविदादाताओं को बिड Responsive पाये जाने पर उक्त संवेदकों की वित्तिय बिड खोली जानी थी, लेकिन तत्समय अधिशाषी अभियंता के Digital Signature अवधि पार होने के फलस्वरूप वित्तिय बिड दिनांक 19.08.16 को खोली गयी तथा कार्यादेश कार्यकारी समिति के अनुमोदन की प्रत्याशा में दिनांक 07.12.16 को जारी किया गया। इस प्रकार निविदा खोलने की दिनांक 28.06.16 एवं निविदा पर अंतिम निर्णय दिनांक 24.10.16 की अवधि में कुल 118 दिन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात् मैसर्स जय भारत कन्स्ट्रक्शन कम्पनी (29-11% Below) दरें स्वीकृत की गयी, जो 90 दिवस से

2/8/18

अधिक होने के कारण कार्यादेश जारी किये जाने की शक्तियां 1.5.17 से पुर्व प्रचलित SOP के बिन्दु सख्या 11 के अनुसार कार्यकारी समिति मे निहित है ।

इस सम्बंध मे पूर्व में प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक में स्वीकृति हेतु एजेन्डा तैयार कर दिनांक 27.02.17 को भेजा गया था, परन्तु EC की स्वीकृति प्राप्त होना नहीं पाया गया है। चूंकि कार्य का अंतिम बिल प्रस्तुत किया जा चुका है। अतः EC की आगामी बैठक में उक्त कार्य के लिए जारी किये गये कार्यादेश के अनुमोदन हेतु प्रकरण स्वीकृति हेतु कार्यकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत है।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से प्रस्ताव अनुसार तत्कालीन आयुक्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर द्वारा कार्यकारी समिति की प्रत्याशा में दिनांक 7 दिसम्बर, 2016 को जारी कार्यादेश का अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या 3 :: (1) विद्युत शाखा के रखरखाव से संबंधित वार्षिक दर संविदा के तहत करवाये जाने वाले कार्यो की वर्ष 2018–19 हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति बाबत।

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं प्रसांगिक कार्यालय आदेश के संदर्भ में निवेदन है कि कार्यकारी समिति की आगामी बैठक में विद्युत कार्य के प्रकरणों की एजेन्डा सूचि निम्नानुसार प्रस्तावित है :–

क्र.सं.	कार्य का नाम	वर्ष 2018–19 हेतु प्रस्तावित प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति राशि (लाखो में)
1	प्राधिकरण कार्यालय एवं प्राधिकरण भवन में लगे विभिन्न विद्युत उपकरण की देखरेख एवं आवश्यकतानुसार वायरिंग, नये पंखे, लाईट, मोटर, बैटरी एवं जनरेटर, एयर कण्डिशनर एवं लेन का रख रखाव व आवश्यकतानुसार किराये पर कूलर इत्यादि मांग के अनुसार लगाने का कार्य। (वार्षिक अनुवन्ध पर)	80.00
2	जोधपुर शहर के विभिन्न स्थानो पर आवश्यकतानुसार अस्थाई लाईट की व्यवस्था एवं आवश्यतानुसार जनरेटर लगाने की व्यवस्था करने का कार्य। (वार्षिक अनुबन्ध पर)	20.00
3	जोधपुर शहर में विभिन्न स्थानों पर आवश्यकतानुसार माईक व्यवस्था करने बाबत्। (वार्षिक अनुबन्ध पर)	10.00
4	प्राधिकरण कार्यालय में लगे इन्टरकॉम संचालन, एवमं रख रखाव का कार्य। (वार्षिक अनुबन्ध पर)	5.00
5	सम्राट अशोक उद्यान एवं बरकतुल्लाह खां स्टेडियम में लगे विभिन्न विद्युत उपकरण की देखरेख एवं आवश्यकतानुसार नये कार्य जैसे कि वायरिंग, नये पंखे, लाईट आदि मांग के अनुसार लगाने का कार्य। (वार्षिक अनुबन्ध पर)	15.00
6	जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा शहर में विभिन्न स्थानों पर लगे फव्वारे एवं म्युजिकल फव्वारे का रख रखाव एवं सुरक्षा करने का कार्य। (वार्षिक अनुबन्ध पर)	50.00

7	सम्राट अशोक उद्यान के ओपन थेटर में विद्युतीकरण का कार्य।	50.00
8	प्राधिकरण के पुराने भवन में सेन्ट्रल एयर कण्डिशन लगाने का कार्य।	140.00

<u>निर्णय</u>

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से प्रस्ताव के कम संख्या 1 के उपभाग के बिन्दु संख्या 8 यथा प्राधिकरण के पुराने भवन में सेन्ट्रल एयर कण्डिशन लगाने का कार्य को छोडकर शेष उपरोक्त कम संख्या 1 से 7 में वर्णित प्रस्तावों का सर्व सम्मति से अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया।

(2) :– **सार्वजनिक पथ प्रकाश व्यवस्था हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति का प्रस्ताव :–** जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर के क्षेत्र में विभिन्न स्थानो पर आवश्यकतानुसार वार्षिक अनुबन्ध के अन्तर्गत पथ प्रकाश व्यवस्था करने हेतु चारो जोन में लाईटे लगाने के कार्य की निम्नानुसार प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रस्तावित है।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाखों में)
1	जोन पूर्व के विभिन्न स्थानों पर मांग के अनुसार सार्वजनिक पथ प्रकाश व्यवस्था का कार्य।	50.00
2	जोन पश्चिम के विभिन्न स्थानों पर मांग के अनुसार सार्वजनिक पथ प्रकाश व्यवस्था का कार्य।	50.00
3	जोन उत्तर के विभिन्न स्थानों पर मांग के अनुसार सार्वजनिक पथ प्रकाश व्यवस्था का कार्य।	50.00
4	जोन दक्षिण के विभिन्न स्थानों पर मांग के अनुसार सार्वजनिक पथ प्रकाश व्यवस्था का कार्य।	50.00

<u>निर्णय</u>

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से प्रस्ताव अनुसार प्रस्ताव में दर्शाये गये जोनवार सार्वजनिक पथ प्रकाश व्यवस्था हेतु वर्ष 2018–19 के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के प्रस्ताव का अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया।

(3) :– **प्राधिकरण क्षेत्र में लगी रोड लाईटो हेतु रोड लाईट वायर एवं टाईमर लगाने का कार्य हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति का प्रस्ताव** :– जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर के अधीन क्षेत्र जहां रोड लाईट रख रखाव का कार्य प्राधिकरण स्तर पर किया जा रहा है इन कोलोनियों में काफी स्थानो पर रोड लाईट वायर एवं टाईमर नहीं होने के कारण लाईटो को समय पर चालू करना व बन्द करना समस्याऐं आरही है। उक्त समस्याओं को दूर करने हेतु फेस प्रथम में शहर के निकटतम कोलोनियों में वायर एवं टाईमर लगाना उचित रहेगा। उसके अनुसार निम्नानुसार प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रस्तावित है।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाखों में)
1	जोन पूर्व में रोड लाईट वायर एवं टाईमर लगाने का कार्य।	15.00
2	जोन पश्चिम में रोड लाईट वायर एवं टाईमर लगाने का कार्य।	25.00
3	जोन उत्तर में रोड लाईट वायर एवं टाईमर लगाने का कार्य।	10.00
4	जोन दक्षिण में रोड लाईट वायर एवं टाईमर लगाने का कार्य।	25.00

2/8/18

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से प्रस्ताव अनुसार प्राधिकरण क्षैत्र में लगी रोड लाईट हेतु रोड लाईट वायर एवं टाईमर लगाने का कार्य चारों जोन के लिए उपरोक्त प्रस्ताव अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया।

(4) :– जोधपुर शहर के पास स्थित कोलोनियों में विद्युतीकरण का कार्य – जोधपुर शहर में वार्ड 1 से 65 के बाहर की कोलोनियां जहां पर पथ प्रकाश व्यवस्था का कार्य प्राधिकरण द्वारा करवाया जा रहा है। उक्त कोलोनियां पूर्ण रूप से विकसित हो चुकी है। अतः इनके सम्पूर्ण क्षेत्र में वायर, टाईमर इत्यादि लगाकर पथ प्रकाश व्यवस्था का कार्य करना उचित रहेगा इनमें मुख्य रूप से जो क्षेत्र संबंधित है वह निम्नानुसार है :–

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाखों में)
1	कुड़ी पंचायत में आने वाली कोलोनियों में पथ प्रकाश व्यवस्था।	50.00
2	सांगरिया पंचायत में आने वाली कोलोनियों में पथ प्रकाश व्यवस्था।	50.00
3	पाल पंचायत में आने वाली कोलोनियों में पथ प्रकाश व्यवस्था।	50.00
4	चौखा पंचायत में आने वाली कोलोनियों में पथ प्रकाश व्यवस्था।	50.00
5	झालामण्ड पंचायत में आने वाली कोलोनियों में पथ प्रकाश व्यवस्था।	50.00
6	शेरगढ विधानसभा क्षेत्र में पथ प्रकाश व्यवस्था।	10.00
7	ओशिया विधानसभा क्षेत्र में पथ प्रकाश व्यवस्था।	8.00
8	लूणी विधानसभा क्षेत्र में पथ प्रकाश व्यवस्था।	20.00

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से प्रस्ताव में वर्णित ग्राम पंचायत, कुडी, सांगरिया, पाल, चौखा एवं झालामण्ड में आने वाली कॉलोनियों में सार्वजनिक पथ प्रकाश व्यवस्था हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए 40.00 – 40.00 लाख रूपये के प्रस्ताव स्वीकृत किये गये। इसी प्रकार शेरगढ विधानसभा क्षैत्र, औसिया विधानसभा क्षैत्र एवं लूणी विधानसभा क्षैत्र के लिए कमशः 10.00 लाख, 8.00 लाख व 20.00 लाख रूपये तक की प्रकाश व्यवस्था के प्रस्ताव अनुमोदन करते हुए स्वीकृति जारी करने का निर्णय लिया गया।

(5) (1) भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा मुख्य सचिव को लिखे पत्र के अनुसार संयुक्त शासन सचिव (द्वितीय) के पत्र क्रमांक प.6(4)नविवि/ऊर्जा/2017 दिनांक 06.10.2017 के संदर्भ में प्राधिकरण क्षेत्र में लगी सोडियम लाईटो (250 वाट) के स्थान पर एल.ई.डी. लाईट लगाने के निर्देश प्रधान किये गये ताकि विद्युत की बचत की जा सकें। फेज प्रथम शहर कि तीन मुख्य रोड जिसमें पाल रोड, बनाड रोड, जैसलमेर रोड़ व सालावास रोड एवं 2000 नग सोडियम (250 वाट) जिनका रख रखाव प्राधिकरण द्वारा करवाया जा रहा है। इन रोड पर जो क्षेत्र नगर निगम, जोधपुर के अधीन है यहां पर नगर निगम, जोधपुर द्वारा पूर्व में ही सोडियम लाईट के स्थान पर एल.ई.डी. लाईटे लगाई जा चुकी है। लेकिन प्राधिकरण क्षेत्र में आ रहे क्षेत्र अभी भी सोडियम लाईटे ही लगी हुई है। जिनकी संख्या निम्नानुसार है –

1. बनाड़ रोड़ श्री हॉस्पीटल से बनाड़ चौराहे तक 250 नग

नोट :— बनाड़ चौराहे से आगे के भाग में नेशनल हाईवे द्वारा टोल रोड़ के रूप में विकसित किया जा रहा है ऐसे उक्त भाग में अभी एल.ई.डी. लगाया जाना उचित नहीं रहेगा।

2. पाल रोड पर पाल बालाजी मंदिर से टोल रोड आरम्भ होती है तक का हिस्ता 300 नग

3. जैसलमेर रोड़ पर भादरवा बेरे से अरणा झरणा स्कीम तक 100 नग

नोट :— इस रोड पर पूल से लेकर अरणा झरणा स्कीम तक 50 नग पोल अधिकतर क्षतिग्रस्त हो चुके इस कारण इन 50 नग नये पोल मय केबल लगाकर लाईट लगाने का कार्य करवाया जावे। इस प्रकार कुल सोडियम लाइट 700 नग को बदला जाना है। इन 700 नग लाईटो के बदलने से प्राधिकरण को प्रति वर्ष बिजली की वर्तमान दरो से जो बचत होगी वह निम्न प्रकार है

4. सालावास रोड़ पर सांगरिया चौराहा से वाया एसटीपी होते हुए सालावास तक 300 नग

250 वाट सोडियम लाईट में विद्युत खर्च	1000x250x10x30x12 = 900000 unit per year
8/- per unit	72.00 लाख
120 वाट एल.ई.डी. लाईट लगाये जाने पर होने वाला विद्युत खर्च	1000x120x10x30x12 = 432000 unit per year
8/- per unit	34.56 लाख
प्रति वर्ष बचत	37.44 लाख
1000 नग लाईट पर अनुमानित खर्चा	1000x8000= 8000000(80.00 लाख)

इस प्रकार इन लाईटो पर आने वाले खर्चे कि वसुली दो वर्ष में विद्युत बिलो में बचत से ही हो जायेगी।

(2) शहर कि मुख्य कोलोनिया जहां सोडियम लाईट जो कि 250 वाट लगी है उन लाईटो को 70 वाट की लाईट से बदला जाना उचित रहेगा 70 वाट एल.ई.डी. कि नई दरो के अनुसार फेज प्रथम में यदि 2000 सोडियम लाईट को बदले जाने पर खर्च राशि 2000x4635 = 90-00 लाख होगी।

कुल बचत = (250x2000x10x30x1270x2000x10x30x12)

(180x2000x10x30x12/1000) x 8 = 100.00 लाख

इस प्रकार एक वर्ष में विद्युत बिल में बचत के रूप में एल.ई.डी. पर होने वाली खर्च कि राशि की पूर्ति कर 10.00 लाख रूपये प्रति वर्ष राशि की बचत बिजली बिलो के होने वाले खर्च से बचाया जा सकें।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाखों में)
1	शहर की तीनो मुख्य रोड (बनाड रोड, पाल रोड, जैसलमेर रोड) पर सोडियम लाईट के स्थान पर एल.ई.डी. लाईट लगवाने का कार्य।	96-00
2	फेस प्रथम में मुख्य कोलोनियों में लगी सोडियम लाईट के स्थान पर एल.ई.डी. लाईट लगवाने का कार्य।	90-00

प्राधिकरण में वर्तमान में गर्मी के मौसम में कुल 95 नग कुलर तथा 40 नग ए.सी. लगाये हुवे है। जिनके लोड़ के अनुसार विद्युत उपभोग 6 माह (अप्रेल से सितम्बर) में निम्नानुसार है :—

<u>कुलर</u>	कुल संख्या 95 नग रोजाना एक कुलर का लोड 700 वॉट 8 घण्टे के	95x700x8x30x6 = 95760 Unit

2/8/13

	अनुसार 6 माह	
एयरकण्डिशन	कुल संख्या 40 एक ए.सी. का लोड 2500 वॉट 8 घण्टे के अनुसार 6 माह	40x2500x8x30x6 = 144000 Unit
	कुल युनिट	(95760 + 144000) = 239760 Unit
	कुल खर्चा 10 रू. प्रति युनिट	239760 x 10 = 2397600
	Say	24.00 Lacs

प्राधिकरण में सेन्ट्रल एयर कण्डिशन किये जाने पर आने वाला विद्युत खर्च कुल लोड 120Kw $\frac{120 \times 1000 \times 8 \times 3 \times 6}{1000} = 172800$

कुल खर्चा 10 रू. प्रति युनिट	172800 x 10 = 1728000
Say	17.28 Lacs

प्रति वर्ष बचत
7.00 लाख विद्युत बिल व 7.00 लाख रख रखव का खर्च 7.00 + 7.00 = 14.00 Lacs

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से प्रस्ताव के संबंध में निर्णय लिया गया कि शहर की तीनों मुख्य सड़के यथा बनाड़ रोड, पाल रोड़ एवं जैसलमेर रोड पर सोडियम लाईट के स्थान पर एल.ई.डी. लाईट लगाने के प्रस्ताव लागत राशि रूपये 96.00 लाख को पायलेट प्राजेक्ट के रूप में अनुमोदित करने का निर्णय लिया गया एवं इसके परीक्षण तथा विद्युत बचत के परीक्षण के बाद शेष मामलों में निर्णय लिये जाने का भी निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या 4 :: कार्यकारी समिति बैठक में रखे जाने वाले विद्युत शाखा के प्रकरण

वृद्वा आश्रम रूप वाटिका महामंदिर का संचालन जोधाणा वृद्वाआश्रम कल्याण सेवा समिति के माध्यम से करवाया जा रहा था उक्त समिति ने बिना विद्युत कनेक्शन लिये विद्युत सप्लाई का उपयोग किये जाने के कारण जोधपुर वितरण निगम लिमिटेड द्वारा विद्युत चोरी की वी.सी.आर 382/16 व व 636/16 धारा 135 भा.वि.अधि.2003 के अन्तर्गत दर्ज की गई थी। जिसमें जुर्माना राशि 10.00 लाख जमा करवाई जानी है। उक्त राशि जोधाणा वृद्वाआश्रम कल्याण सेवा समिति द्वारा ही जमा करवाई जानी थी। लेकिन उच्च न्यायालय मे लगी जनहित याचिका 14681/2016 दिनांक 06.03.2017 में मानीय उच्च न्यायालय द्वारा उक्त राशि प्राधिकरण को दस समान किस्तों में जमा कराने के आदेश प्रधान किये गये। उक्त राशि को जमा करवाने हेतु जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा पत्र लिखा गया है कि राशि जमा करवाई जाये अन्यथा विद्युत कनेक्शन विच्छेद करवा दिया जायेगा। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश से प्राधिकरण द्वारा वृद्वा आश्रम में विद्युत कनेक्शन ले लिया गया है तथा उसका नियमीत बिल भुगतान भी किया जा रहा है। लेकिन विद्युत चौरी की उक्त राशि 10.00 लाख को अभी तक जमा नहीं करवाया गया है। इसके संबंध में निर्णय लिया जाना है।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि माननीय उच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिका संख्या 14681/2017 दिनाक 6 मार्च, 2017 में माननीय

2/8/18

उच्च न्यायालय द्वारा 10 समान किश्तों में राशि जमा कराने का आदेश दिया है, उसकी पालना की जावे।

प्रस्ताव संख्या 5 :: N.P.S. का भुगतान करने के लिए Online भुगतान की अनुमति बाबत।

वर्तमान में प्राधिकरण की ओर से जारी होने वाले चेको एवं आर.टी.जी.एस अधिकृतियों पर कार्यालय आदेश क्रमांक एफ/लेखा/908–921 दिनांक 30.11.2015 के द्वारा प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षर किये जा रहे है। इसके अन्तर्गत मुख्य लेखाधिकारी एवं निदेशक वित के संयुक्त हस्ताक्षरों द्वारा राशियों का आहरण किया जा रहा है।

एन.पी.एस के अंशदान के भुगतान की कार्यवाही भी चेको के माध्यम से ट्रस्टी बैंक (एक्सिस बैंक) के माध्यम से की जाती रही है। परन्तु नियमों में परिवर्तन होने के कारण अब अशंदान की राशि ऑनलाइन भुगतान की जाने की अनिवार्यता हो गयी है। वर्तमान में प्राधिकरण स्तर पर ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था प्रचलन में नही है। इसलिए इस राशि का भुगतान ऑनलाइन किये जाने की स्वीकृति के लिए प्रकरण प्रस्तुत है।

इसके क्रियान्वयन के प्रयोजनार्थ आई.सी.आई.सी.आई बैक में शून्य शेष का खाता सं 016701015937 प्रयुक्त किया जाना समीचीन होगा। इस खाते को एन.पी.एस. खाते के रूप में वर्गीकृत किया जाकर एन.पी.एस का अंशदान जमा करवाकर इसका ऑनलाइन हस्तान्तरण सी. आर.ए (एन.एस.डी.एल) द्वारा निर्धारित मद में किया जाना प्रस्तावित है। ऑनलाईन सुविधा के लिए बैंक के साथ चर्चा हो गयी है तदनुसार अग्रिम कार्यवाही की जा सकती है। उक्त खाते से ऑनलाइन राशि हस्तान्तरण के लिए द्विस्तरीय मेकेजिज्म उचित रहेगा। इसके संचालन के लिए वर्तमान में अधिकृत अधिकारियों को राशि हस्तान्तरण के लिए अधिकृत किया जाना प्रस्तावित है।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्ताव का अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या 6 :: किसी न्यायालय द्वारा कोई प्रकरण वादी/अपीलार्थी/याचिकाकर्ता/प्रार्थी आदि की ओर से अदम पैरवी व अदम जाहरी में, नोट प्रेस पर, विड्रॉल करने पर, राजीनामा करने पर या न्यायालय आदेश की पालना न करने पर खारिज करने पर पैनल अधिवक्ता को देय फीस व किसी न्यायालय में प्राधिकरण की ओर से केवियट दायर करने पर पैनल अधिवक्ता को देय फीस के निर्धारण हेतु प्रस्ताव।

जोधपुर विकास प्राधिकरण के विरूद्ध विभिन्न न्यायालयों में दायर होने वाले प्रकरणों में कई बार ऐसा होता है कि संबंधित न्यायालय में नियत सुनवाई तिथि पर वादी/अपीलार्थी/याचिकाकर्ता/प्रार्थी के उपस्थित नहीं होने के कारण वाद/ अपील/रिट याचिका/निगरानी आदि वादी/अपीलार्थी/याचिकाकर्ता/प्रार्थी की अदम हाजरी व अदम पैरवी में खारिज कर दी जाती है। कई बार वादी/अपीलार्थी /याचिकाकर्ता/प्रार्थी अपने वाद/अपील/रिट याचिका/निगरानी आदि को आगे चलाना नहीं चाहते हैं और इस वजह से संबंधित न्यायालय के द्वारा ऐसे वाद/अपील/रिट याचिका/निगरानी आदि को Not Press के आधार पर खारिज कर दिया जाता है। कई बार वादी/अपीलार्थी/याचिकाकर्ता/प्रार्थी अपने

वाद/अपील/रिट याचिका/निगरानी आदि में विरोधी पक्षकार से समझौता/ राजीनामा कर लेते है और उस आधार पर संबंधित न्यायालय के द्वारा ऐसे वाद/अपील/रिट याचिका/निगरानी आदि को निस्तारित कर दिया जाता है। कई बार न्यायालय के किसी आदेश आदि की पालना वादी/अपीलार्थी/ याचिकाकर्ता/प्रार्थी के द्वारा नहीं किए जाने के कारण ऐसे प्रकरण को न्यायालय के द्वारा खारिज कर दिया जाता है (जैसे कोस्ट की राशि जमा नहीं करवाना, गवाह पेश नहीं करना आदि)। कई बार वाद/अपील/रिट याचिका/निगरानी आदि किसी कमी/त्रुटि के कारण भी खारिज कर दिया जाता है (जैसे वाद हेतुक का अभाव, क्षेत्राधिकार नहीं होना, वाद विधि द्वारा वर्जित होना, आवश्यक पक्षकार को न जोड़ा जाना एवं अन्य तकनीकी कारण आदि)।

उक्त वर्णित प्रकार के प्रकरण को खारिज करने के आदेश प्रकरण की किसी भी स्टेज पर किए जाने संभव हैं। उदाहरणार्थ प्रकरण दायर होने के कुछ समय बाद ही उस प्रकरण में पहली, दूसरी या तीसरी सुनवाई तिथि पर ही प्रकरण को उक्त वर्णित तरह से खारिज कर दिया जाता है तो ऐसे प्रकरण में विपक्षी जोधपुर विकास प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता को न तो प्रकरण में प्राधिकरण की ओर से जवाब पेश करने की आवश्यकता रह जाती है, न साक्ष्य पेश करने की आवश्यकता रह जाती है और न ही प्रकरण में अंतिम निर्णय से पूर्व विस्तृत बहस करने की आवश्यकता रह जाती है। जो प्रकरण कई वर्षों तक किसी न्यायालय में विचाराधीन रहते हैं, जिनमें विपक्षी की ओर से जवाब पेश किया जाता है, विपक्षी की ओर से बहुत सी सुनवाई तिथियों पर उपस्थित रहकर न्यायालय के आदेशानुसार कार्यवाही की जाती है, उन प्रकरणों की तुलना में उक्त वर्णित प्रकृति के प्रकरणों में संबंधित पैनल अधिवक्ता को प्रकरण में बहुत कम समय देने या पैरवी करने की आवश्यकता रह जाती है।

प्राधिकरण स्तर पर पूर्व में जारी आदेश क्रमांकःएफ42/विधि/जेडीए/ 72से144/15 दिनांक 02.02.2015 में निर्देश तय किए गए थे कि अधीनस्थ न्यायालय द्वारा अदम पैरवी एवं वाद विड्रॉल के आधार पर खारिज किए जाने वाले प्रकरणों में 700/– रूपये प्रति प्रकरण देय होंगे (उक्त आदेश क्रमांकःएफ42/ विधि/जेडीए/72से144/15 दिनांक 02.02.2015 में अधीनस्थ न्यायालय में दायर होने वाले प्रकरणों में प्रति प्रकरण 3,000/–रूपये की फीस तय की गई थी। कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक 08.09.2017 में प्रस्ताव संख्या 44 पर लिए गए निर्णय के द्वारा अधीनस्थ न्यायालय में दायर होने वाले प्रकरणों में वर्तमान में प्रति प्रकरण 5,000/–रूपये फीस तय है)।

उक्त के अलावा यह भी उल्लेख है कि किसी न्यायालय में संबंधित पैनल अधिवक्ता के मार्फत प्राधिकरण की ओर से केवियट दायर करने पर संबंधित पैनल अधिवक्ता को कितनी फीस का भुगतान किया जावे, के संबंध में पूर्व में प्राधिकरण स्तर से कोई निर्देश अब तक तय नहीं हुए हैं, अतः इस संबंध में निर्देश तय किए जाने की आवश्यकता है।

विधि शाखा में कार्यरत विधि अधिकारीगण व कार्मिकों के लिए उक्त बिन्दु पर सरल व स्पष्ट निर्देश उपलब्ध रहें, फीस भुगतान में समान एकरूप व उचित व्यवस्था कायम रहे तथा ऐसे प्रकरणों में देय राशि की गणना, प्रति प्रकरण निर्धारित फीस के आधार पर सरलता व स्पष्टता से की जा सके (फीस बढ़ने पर गणना से ऐसे प्रकरणों में देय राशि भी बढ़ जाए और राशि तय रखने की जरूरत न रह जाए), इसलिए उक्त वर्णित प्रकृति के प्रकरणों में फीस भुगतान हेतु एवं प्राधिकरण की ओर से किसी न्यायालय में केवियट दायर करने पर कितनी फीस दी जावे, के संबंध में निम्न निर्देश तय किए जाने उचित रहेंगे –

1. वाद/अपील/रिट याचिका/निगरानी आदि के सम्मन/नोटिस प्राधिकरण कार्यालय को प्राप्त होने पर प्रकरण में संबंधित पैनल अधिवक्ता की नियुक्ति की तिथि से 01 वर्ष की अवधि के भीतर प्रकरण अदम हाजरी व अदम पैरवी में खारिज होने पर, Not Press के आधार पर खारिज होने पर, विरोधी पक्षकार से

समझौता/राजीनामा के आधार पर प्रकरण को निस्तारित करने पर, वाद में किसी कमी या त्रुटि के कारण या वादी के द्वारा न्यायालय के किसी आदेश की पालना नहीं करने पर वाद को खारिज करने पर आदि की स्थिति में प्रति प्रकरण निर्धारित फीस की आधी फीस दर से फीस का भुगतान किया जाएगा। यदि ऐसा निस्तारण जवाब पेश करने के बाद होता है तो प्रति प्रकरण निर्धारित फीस की तीन चौथाई फीस दर से फीस का भुगतान किया जाएगा।

स्पष्टीकरण – यहाँ यह स्पष्ट किया जाता है कि उक्त वर्णित प्रकार से प्रकरण खारिज करने के आदेशों को छोड़कर, यदि किसी प्रकरण में संबंधित पैनल अधिवक्ता की नियुक्ति की तिथि से 01 वर्ष की अवधि के भीतर वाद/अपील/रिट याचिका/निगरानी आदि को गुणावगुण पर निर्णय पारित करते हुए निस्तारित किया जाता है तो प्रकरण में संबंधित पैनल अधिवक्ता को प्रकरण की पूरी फीस देय होगी। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि यदि किसी न्यायालय द्वारा किसी प्रकरण में पारित निर्णय, उस प्रकरण में पैनल अधिवक्ता की नियुक्ति की तिथि से 01 वर्ष की अवधि के पश्चात् पारित किया जाता है तो संबंधित पैनल अधिवक्ता को प्रकरण की पूरी फीस देय होगी, चाहे प्रकरण का निस्तारण किसी भी ढंग से किया गया हो (गुणावगुण पर या अन्य किसी ढंग से)। समस्त लंबित एवं भविष्य में दायर होने वाले प्रकरणों में फीस भुगतान में, उक्त वर्णित निर्देश के अनुसार फीस भुगतान किया जाएगा।

2. किसी न्यायालय में प्राधिकरण की ओर से संबंधित पैनल अधिवक्ता के मार्फत केवियट दायर करने पर, उस न्यायालय में दायर होने वाले प्रकरणों में पैनल अधिवक्ता को प्रति प्रकरण देय फीस की 20 प्रतिशत राशि की दर से पैनल अधिवक्ता को केवियट दायर करने के संबंध में फीस का भुगतान किया जाएगा (प्रकरण के नोटिस प्राप्त होने पर यदि उस पैनल अधिवक्ता को प्रकरण में अधिवक्ता नियुक्त किया जाता है तो ऐसी 20 प्रतिशत राशि प्रति प्रकरण देय कुल राशि के भाग के रूप में ऐसी कुल राशि में से कम कर दी जाएगी/एडजस्ट की जाएगी)।

6(A)उपरोक्त विषयान्तर्गत आपके प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में निवेदन है कि किसी न्यायालय द्वारा कोई प्रकरण वादी/अपीलार्थी/याचिकाकर्ता/प्रार्थी आदि की ओर से अदम पैरवी व अदम हाजरी में, नोट प्रेस पर, विड्रॉल करने पर, राजीनामा करने पर या न्यायालय आदेश की पालना न करने पर खारिज करने पर पैनल अधिवक्ता को देय फीस व किसी न्यायालय में प्राधिकरण की ओर से केवियट दायर करने पर पैनल अधिवक्ता को देय फीस के निर्धारण करने हेतु विधि शाखा का प्रस्ताव इस पत्र के संलग्न प्रेषित किया जा रहा है। कृपया प्राधिकरण की आगामी कार्यकारी समिति की बैठक में उक्त प्रस्ताव को विचारार्थ प्रस्तुत करवाने एवं बैठक में प्रस्ताव को अनुमोदित करवाने का श्रम करावें।

निर्णय

बैठक में उपस्थित निदेशक–विधि द्वारा प्रकरण को विस्तृत रूप से स्पष्ट किया गया। समिति द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को सर्व सम्मति से अनुमोदित करने का निर्णय लिया गया साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि प्रस्ताव के कियान्वयन से पूर्व प्रकरण का निदेशक–वित्त के स्तर पर परीक्षण करवा लिया जावे।

प्रस्ताव संख्या 7 :: ग्राम बावरला खसरा संख्या 722 रकबा 25 बीघा भूमि का परिधि नियंत्रण पट्टी से शैक्षणिक प्रयोजनार्थ भू–उपयोग परिवर्तन (प्रकरण संख्या 67/2010)

2/8/12

आवेदक मानव कल्याण एवं विकास संस्थान जोधपुर जरिये अध्यक्ष श्रीमती गोगा देवी पत्नि श्री सुखदेव राम चौधरी निवासी प्लाट नं. 273 सुभाष नगर, पाल रोड़, जोधपुर ने ग्राम बावरला खसरा सं. 722 रकबा 25 बीघा भूमि का परिधि नियंत्रण पट्टी से शैक्षणिक प्रयोजनार्थ भू–उपयोग परिवर्तन हेतु आवेदन किया है।

आवेदित भू–उपयोग परिवर्तन के संबंध में दो स्थानीय समाचार पत्रों में दिनांक– 9 जुलाई, 2010 को आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये गये। जिसके क्रम में कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुआ है।

वर्तमान में प्रभावी मास्टर प्लान–2023 के नोटिफाईड एरिया (अधिसूचित नगरीय सीमा) से बाहर है। नगरीय विकास विभाग के परिपत्र क्रमांक प.10 (44) नविवि/3/2009 पार्ट–1 दिनांक– 6 मई, 2015 के अनुसार मास्टर प्लान में विभिन्न संस्थाओं को मान्यता देने वाले प्राधिकृत संस्थानों द्वारा निर्धारित क्षेत्र के मानदण्डों की पूर्ति होने पर भी प्रस्तावित उपयोग (स्वास्थय/शिक्षण संस्थान आदि) अनुज्ञेय होंगे, अंकित किया है। आवेदित भूमि जोधपुर–जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर राजस्व ग्राम देवलिया के आगे मुख्य सड़क के समीप लगभग 40 फीट चौडे राजस्व मार्ग से लगते विद्यमान है। मौका स्थिति अनुसार मौके पर भवन निर्मित है तथा निर्माण गतिविधियों संचालित हो रही है। उक्त भूमि जोधपुर से जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से अन्दर राजस्व रास्ते पर स्थित है जिसे 60 फीट चौडा किया जाना होगा अर्थात् रास्ते के मध्य बिन्दु से 30 फीट भूमि छोड़कर निर्णय किया जाना उचित होगा। मास्टर प्लान अनुसार जोधपुर जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग को 200 फीट एवं उसके पश्चात् 100 फीट भूमि प्लान्टेशन बेल्ट हेतु आरक्षित किया होगा।

इसी भूमि के लगते हुए आवेदक श्री आर.एन. विकास एवं शिक्षण संस्थान, जोधपुर अध्यक्ष डॉ. आर.आर. चौधरी पुत्र श्री सुखदेव राम ने ग्राम बावरला के ही खसरा नं. 722/2 की रकबा 1 बीघा 11 बिस्वा भूमि को परिधि नियंत्रण पट्टी से शैक्षणिक प्रयोजनार्थ भू–उपयोग परिवर्तन हेतु आवेदन किया है। जिसकी पत्रावाली प्रकरण संख्या 66/2010 पर दर्ज है। चूंकि दोनों भूमियां पर सम्मितलित रूप से भवन निर्माण हो कर शैक्षणिक गतिविधियां संचालित है। अतः दोनों प्रकरणों को एक प्रकरण कर निर्णयार्थ कार्यकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत है।

निर्णय

आवेदक का नाम	मानव कल्याण एवं विकास संस्थान जोधपुर जरिये अध्यक्ष श्रीमती गोगादेवी पत्नि श्री सुखदेव राम चौधरी निवासी प्लाट संख्या 273, सुभाष नगर, पाल रोड, जोधपुर
खसरा नम्बर/भूखण्ड संख्या मय ग्राम	राजस्व ग्राम बावरला खसरा संख्या 722
संदर्भित भूमि का "लैण्ड यूज प्लान में दर्शाया गया उपयोग	मिश्रित भू–उपयोग, आंशिक भाग लैण्ड पूलिंग एण्ड रिडिस्ट्रीब्यूशन (मास्टर प्लान 2031 के अनुसार)
आवेदक द्वारा प्रस्तावित भू–उपयोग	शैक्षणिक प्रयोजनार्थ

बैठक में प्रकरण के संबध में विचार विमर्श किया गया एवं यह पाया गया कि दिनांक 25 जुलाई, 2017 को संयुक्त शासन सचिव–द्वितीय, नगरीय विकास विभाग द्वारा जारी कार्यवाही विवरण जिसकी अध्यक्षता माननीय मंत्री महोदय, नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन

2/8/18

विभाग ने की थी, में यह निर्णय लिया गया था कि यदि वर्तमान में प्रभावी मास्टर प्लान के नगरीयकरण योग्य क्षैत्र के बाहर प्रस्तावित परिधि नियंत्रण पट्टी क्षैत्र एवं प्रारूप मास्टर प्लान में सम्मिलित अन्य नये राजस्व ग्रामों के क्षैत्र में प्रारूप मास्टर प्लान के प्रस्ताव अनुसार कार्यवाही की जावे बशर्ते प्रारूप मास्टर प्लान में प्रस्तावित भू–उपयोग में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई हो। चूंकि उपरोक्त प्रकरण के संबंध में बैठक में निदेशक–आयोजना के द्वारा अवगत कराया गया कि ड्राफ्ट मास्टर प्लान, 2031 के अनुसार उक्त भूमि का भू–उपयोग मिश्रित, आंशिक भाग लैण्ड पूलिंग एवं रिडिस्ट्रीब्यूशन है। बैठक में निदेशक–आयोजना ने अवगत कराया कि मिश्रित लैण्ड यूज में शैक्षणिक प्रयोजनार्थ भू–उपयोग अनुज्ञेय है इसलिए इसमें किसी प्रकार का भू–उपयोग परिवर्तन करने की आवश्यकता नहीं है किन्तु आंशिक भाग जो कि लैण्ड पूलिंग एवं रिडिस्ट्रीब्यूशन है, नगरीय विकास विभाग के आदेश कमांक एफ.10 (35) यूडीएच/3/2010 दिनांक 20 जुलाई, 2017 के बिन्दु संख्या 3 के अनुसार वृहद जनहित में शैक्षणिक प्रयोजनार्थ भू–उपयोग परिवर्तन किया जाना होगा। चूंकि इस प्रकरण में कितना क्षैत्रफल का भू–उपयोग लैण्ड पूलिंग व रिडिस्ट्रीब्यूशन से परिवर्तित करते हुए शैक्षणिक प्रयोजनार्थ किया जाना है, इसका आंकलन किया जाना है। सम्भावित रूप से निदेशक–आयोजना ने अवगत कराया है कि यह क्षैत्रफल लगभग 2 बीघा हो सकता है। अतः राज्य सरकार के आदेश दिनांक 20 जुलाई, 2017 की पालना में उपरोक्तानुसार शेष क्षैत्रफल (लगभग 2 बीघा) का जनहित में शैक्षणिक प्रयोजनार्थ भू–उपयोग परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया जिसका अनुमोदन राज्य सरकार से राज्य सरकार के पत्र दिनांक 20 जुलाई, 2017 की पालना में करवाये जाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि उक्त भूमि जोधपुर–जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के अन्तर राजस्व राजस्व रास्ते पर स्थित है, जिसे 60 फीट चौडा किया जाना होगा अर्थात् रास्ते के मध्य बिन्दु से 30 फीट भूमि छोडी जानी होगी। मास्टर प्लान अनुसार जोधपुर–जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग को 200 फीट एवं उसके पश्चात् 100 फीट भूमि वृक्षारोपण हेतु आरक्षित की जानी होगी। कार्यकारी समिति द्वारा भू–उपयोग परिवर्तन के अन्तिम आदेश जारी करने से पूर्व राज्य सरकार की सक्षम स्वीकृति लिये जाने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या 8 :: **ग्राम उचियाडा के खसरा संख्या 1 व 2 रकबा 42 बीघा 08 बिस्वा भूमि के वर्तमान भू–उपयोग ग्रीन बेल्ट से पर्यटन इकाई की स्थापना (होटल प्रयोजनार्थ) भू–उपयोग परिवर्तन करने के संबंध में (प्रकरण संख्या एफ.37/भूउप/29/2010 आवेदक श्रीमती मोहन कंवर पुत्री श्री मगसिंह निवासी – गांव रूणकिया तहसील बिलाडा जिला जोधपुर जरिये आममुख्त्यार श्री मोहनसिंह पुत्र श्री मगसिंह निवासी उचियाडा, तहसील जोधपुर)**

1– आवेदकगण श्रीमती मोहन कंवर पुत्री श्री मगसिंह, निवासी– गांव–रूणकिया तहसील बिलाड़ा जिला जोधपुर जरिये आममुख्त्यार श्री मोहन सिह पुत्र श्री मगसिंह निवासी–उचियाड़ा, तहसील जोधपुर द्वारा ग्राम उचियारड़ा के खसरा संख्या 01 व 02 रकबा 42 बीघा 08 बिस्वा भूमि के वर्तमान भू–उपयोग ग्रीन बैल्ट से पर्यटन इकाई की स्थापना (होटल प्रयोजनार्थ) भू–उपयोग परिवर्तन के संबंध में आपत्तियां/सुझाव आमंत्रित करने हेतु दो समाचार–पत्र यथा दैनिक नवज्योति के अंक दिनांक– 27 मई, 2010 एवं दैनिक भास्कर के अंक दिनांक– 27 मई, 2010 में आम सूचना का प्रकाशन किया गया। जिसके क्रम में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुआ है।

2– उप–नगर नियोजक की मौका रिपोर्ट के अनुसार प्रस्तावित स्थल सेना क्षेत्र के करीब है, **भू–उपयोग परिवर्तन हेतु अनुशंषा किये जाने से पूर्व सेना से अन आपत्ती लिया जाना उचित होगा।** एवं पटवारी की मौका रिपार्ट के अनुसार उक्त भूमि खाली है। तथा खसरा नं. 01 व 02

ग्राम उचियारडा का जोधपुर मास्टर प्लान–2023 में भू–उपयोग पैरीफेरी कन्ट्रोल बेल्ट में आरक्षित है।

3– उक्त प्रकरण राजस्थान रिसर्जेन्ट में रखा गया। बैठक कार्यवाही विवरण के पत्र क्रमांक– एसपीए/सचिव/2018/392–399 दिनांक– 7 मई, 2018 के अन्तर्गत प्रकरण की कार्यवाही अपेक्षित है।

4– उक्त को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावित भूखण्ड पर पर्यटन इकाई की स्थापना (होटल प्रयोजनार्थ) लगाया जाना आमजन के लिए उपयोगी होगा, तथा पर्यटन इकाई की स्थापना (होटल प्रयोजनार्थ) को व्यापक जनहित/वृहद जनहित के अन्तर्गत है, जो राज्य सरकार द्वारा जारी परिपत्र क्रमांक– प.10(35)नविवि/3/2010 पार्ट जयपुर, दिनांक– 12.04.2018 में उल्लेखित प्रावधानुसार पर्यटन इकाई की स्थापना (होटल प्रयोजनार्थ) गतिविधियों को व्यापक जनहित माना गया है।

अतः प्रकरण कार्यकारी समिति की बैठक के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

<u>निर्णय</u>

आवेदक का नाम	श्रीमती मोहन कंवर पुत्री श्री मगसिंह। निवासी– गांव रूणकिया तहसील बिलाड़ा जिला जोधपुर जरिये आममुख्तयार श्री मोहन सिंह पुत्र श्री मगसिंह निवासी– उचियारड़ा, तहसील जोधपुर।
खसरा नं./भूखण्ड सं. मय ग्राम	खसरा संख्या 1 व 2, ग्राम उचियारड़ा
क्षेत्रफल	42 बीघा 08 बिस्वा
संदर्भित भूमि का "लैण्ड यूज प्लान में दर्शाया उपयोग	आवासीय, आंशिक भाग नदी के सहारे वृक्षारोपण प्रक्रिया (मास्टर प्लान 2031 अनुसार)
आवेदक द्वारा प्रस्तावित भू–उपयोग	पर्यटक इकाई की स्थापना (होटल प्रयोजनार्थ)

उक्त प्रकरण राजस्थान सरकार के रिसर्जेन्ट राजस्थान के तहत दिनांक 5 नवम्बर, 2015 को पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार व मैसर्स आशापूर्णा बिल्डकॉम के बीच एम.ओ.यू. हुआ है। जिसमें होटल प्रयोजनार्थ कुल क्षैत्रफल 42.08 बीघा क्षैत्र खसरा संख्या 1 व 2 ग्राम उचियारडा में प्रस्तावित किया गया है। इसी इकाई के लिए पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर ने अपने पत्र कमांक एफ.9 (148) होटल पकस/2009/ 39884 दिनांक 16 मार्च, 2016 के द्वारा ग्राम उचियारडा के खसरा संख्या 1 व 2 कुल रकबा 42.08 बीघा भूमि पर पर्यटन इकाई यथा होटल हेतु भू–उपयोग परिवर्तन करने के लिए प्रोजेक्ट अनुमोदित करने का आदेश प्रदान किया है एवं नगरीय विभाग के पत्र कमांक प. 10 (35) नविवि/3/2010 जयपुर दिनांक 12 अप्रैल, 2018 में पर्यटन इकाई की स्थापना हेतु प्रस्तावित भू–उपयोग परिवर्तन को व्यापक जनहित की श्रेणी में सम्मिलित किया गया है। चूंकि प्रश्नगत प्रकरण में भू–उपयोग परिवर्तन किये जाने वाली भूमि का क्षैत्रफल 42.08 बीघा है जबकि नगरीय विकास विभाग के परिपत्र के अनुसार जोधपुर विकास प्राधिकरण कृषि भूमि का भू–उपयोग परिवर्तन 10,000 वर्ग मीटर तक ही करने के लिए सक्षम है। अतः उक्त प्रकरण मय अनुशंषा निम्नांकित शर्त के साथ राज्य स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति को भिजवाये जाने का निर्णय सर्व सम्मति से निर्णय लिया जाता है:–

2/8/18

मास्टर प्लान 2031 (प्रारूप) अनुसार डी.सी.आर अनुसार आवासीय भूउपयोग में 100 फीट और उससे अधिक की सडको पर होटल (Above 50 bed) अनुज्ञेय है। उक्त भूमि में नदी के सहारे 100 फीट प्लान्टेशन रखा जाना होगा जिसका डीमार्केशन सम्बधित जोन द्वारा सुनिश्चित किया जाना होगा। उक्त भूमि उचियारडा से जोधपुर–जयपुर बाईपास जाने वाले सड़क पर स्थित है। जिसका मार्गाधिकार मास्टर प्लान 2031 (प्रारुप) अनुसार 100 फुट रखा जाना आवश्यक है। उक्त भूमि में उत्तर पश्चिम भाग से मास्टर प्लान 2031 (प्रारूप) की प्रस्तावित 100 फीट रखी जानी होगी। उक्त भूमि में स्थित एच.टी. लाईन का प्रचलित नियम अनुसार सेफ्टी कोरिडोर छोडा जाना होगा। प्रस्तावित स्थल सेना क्षैत्र के करीब होने से भू–उपयोग परिवर्तन हेतु राज्य स्तरीय भू–उपयोग परिवर्तन समिति को अनुशंषा के साथ प्रेषित करने से पूर्व सेना से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त किया जाना होगा।

प्रस्ताव संख्या 9 :: ग्राम पाल के खसरा संख्या 84 व 85 भूखण्ड संख्या 1, 2, 2ए, 89 से 98 (खसरा संख्या 84), 1 व 2 (खसरा संख्या 85) रकबा 7139.44 वर्गगज भूमि के वर्तमान भू–उपयोग आवासीय से व्यवसायिक भू–उपयोग परिवर्तन करने के संबंध में। प्रार्थी द्वारा दिनांक 20.06.2018 को होटल प्रयोजनार्थ भू–उपयोग परिवर्तन करने हेतु प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया है। (प्रकरण संख्या एफ. 37/भूउप/61/ 2015 आवेदक श्री मुरलीधर शर्मा पुत्र श्री बंशीलाल जी वगैरह निवासी– 221, श्याम नगर, पाल लिंक रोड, जोधपुर)

1– आवेदकगण श्री मुरलीधर शर्मा पुत्र श्री बंशीलाल जी वगैरा निवासी– 221, श्याम नगर, पाल लिंक रोड़, जोधपुर द्वारा ग्राम पाल के खसरा संख्या 84 व 85 भूखण्ड संख्या 1, 2, 2ए, 89 से 98 (खसरा नं. 84), 1 व 2 (खसरा नं. 85) रकबा 7139.44 वर्गगज भूमि के वर्तमान भू–उपयोग आवासीय से होटल प्रयोजनार्थ के संबंध में आपत्तियां/सुझाव आंमत्रित करने हेतु दो समाचार–पत्र यथा दैनिक नवज्योति के अंक दिनांक– 4 जुलाई, 2018 एवं दैनिक भास्कर के अंक दिनांक– 4 जुलाई, 2018 में आम सूचना का प्रकाशन किया गया। जिसके क्रम में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुआ है।

2– आवेदित उक्त भूमि मौके पर राजस्व ग्राम पाल के खसरा संख्या 84, 85 जोधपुर मास्टर प्लान–2023 में भू–उपयोग आवासीय श्रेणी में आरक्षित है। आवेदित प्रकरण बाड़मेर रोड़ से जैसलमेर रोड़ को जाने वाली बाई पास रोड़ पर स्थित है। बाईपास रोड़ 200' चौड़ी तथा दोनों तरफ 75'–75' प्लांटेसन बैल्ट आरक्षित है।

3– ग्राम पाल के खसरा नं. 84 व 85 में आवेदक मुरली धर पुत्र श्री बंशीलाल वगैरा ने भूखण्ड संख्या 1, 2, 2 ए, 89 से 98 के पट्टे विलेख नगर सुधार न्यास द्वारा मौके पर प्रस्तावित भूमि खाली है। आवेदित भूमि में रास्ते एवं हरीपट्टी की भूमि शामिल है। उक्त भूमि जयपुर जैसलमेर बाईपास पर मुख्य सड़क के मध्य से 100' फीट दूर स्थित है।

4– उक्त को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावित भूखण्ड पर होटल प्रयोजनार्थ लगाया जाना आमजन के लिए उपयोगी होगा, तथा होटल प्रयोजनार्थ को व्यापक जनहित/वृहद जनहित के अन्तर्गत है, जो राज्य सरकार द्वारा जारी परिपत्र क्रमांक– प.10(35)नविवि/3/2010 पार्ट जयपुर, दिनांक– 12.04.2018 में उल्लेखित प्रावधानुसार पर्यटन इकाई की स्थापना होटल प्रयोजनार्थ गतिविधियों को व्यापक जनहित माना गया है।

अतः प्रकरण कार्यकारी समिति की बैठक के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत हैं।

2/8/18

निर्णय

आवेदक का नाम	श्री मुरलीधर शर्मा पुत्र श्री बंशीलाल वगैरा, निवासी– 221, श्याम नगर, पाल लिंक रोड़, जोधपुर
खसरा नं./भूखण्ड सं. मय ग्राम	खसरा नं. 84, 84/2 व 85 भूखण्ड संख्या 1, 2, 2ए, 89 से 98 व 1, 2 ग्राम पाल
क्षेत्रफल	7139.44 वर्गगज
संदर्भित भूमि का "लैण्ड यूज प्लान में दर्शाया उपयोग	आवासीय (मास्टर प्लान 2023 अनुसार)
आवेदक द्वारा प्रस्तावित भू–उपयोग	होटल प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण पर बैठक में विचार विमर्श किया गया एवं सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्रकरण में आवासीय से होटल प्रयोजनार्थ भू–उपयोग परिवर्तन निम्नांकित शर्तों की पालना होने पर किया जाता है। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि राज्य सरकार के आदेश दिनांक 20 जुलाई, 2017 व 12 अप्रैल, 2018 की पालना में भू–उपयोग परिवर्तन के आदेश जारी करने से पूर्व राज्य सरकार की स्वीकृति प्राप्त की जावेः–

1– होटल प्रयोजनार्थ आवेदन का अनुमोदन पर्यटन इकाई के रूप में नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के पत्र कमांक प. 10 (35) नविवि/3/2010 दिनांक 12 अप्रैल, 2018 के अनुरूप होने के बाद,

2– पत्रावली के अवलोकन से पाया गया कि पत्रावली में दिनांक 28 जून, 2018 को आम सूचना वास्ते आपत्ति आमंत्रित की गयी थी जिसके जवाब में श्री के.आर. मेघवाल, अधिवक्ता, राजस्थान उच्च न्यायालय की ओर से दिनांक 11 जुलाई, 2018 को एक पत्र जरिये रजिस्टर्ड डाक भेजा गया है जो कार्यालय के कमांक 7422 दिनांक 13 जुलाई, 2018 पर इनवर्ड हुआ है। अतः प्रकरण को प्रेषित करने से पूर्व उक्त आपत्ति का नियमानुसार निदेशक–आयोजना द्वारा निस्तारण किया जावे।

3– उक्त भूमि बाडमेर रोड से जैसलमेर रोड पर जाने वाली बाईपास सडक पर स्थित है जिसकी चौडाई 200 फीट तथा दोनों तरफ नियमानुसार वृक्षारोपण पट्टी आरक्षित रखी जानी है।

प्रस्ताव संख्या 10 :: ग्राम सूरज बासनी खसरा सं. 20 में ग्रामीण एवं पंचायती राज विभाग को भूमि आवंटन के अनुमोदन के संबंध में।

एजेण्डा नोटः– आवेदकगण ग्रामीण एवं पंचायत राजस्थान विभाग, जोधपुर द्वारा ग्राम सूरज बासनी के खसरा संख्या 20 में रकबा 1000 वर्गमीटर भूमि आवंटन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

वर्तमान में उक्त भूमि का भू–उपयोग लैण्ड पूलिंग एवं रेस्ट्रीब्यूशन जोन (MDP 2031 (DRAFT)) से सरकारी एवं अर्द्धसरकारी (पंचायत भवन) भू–उपयोग परिवर्तन के संबंध में आपत्तियां/सुझाव आमंत्रित करने हेतु समाचार–पत्र यथा राष्ट्रदूत के अंक दिनांक– 12 मई, 2018 में आम सूचना का प्रकाशन किया गया। जिसके क्रम में किसी भी प्रकार की कोई आपति/सुझाव प्राप्त नहीं हुआ है।

2/8/18

उक्त भूमि राजस्व ग्राम सूरजवासनी के खं. सं. 20 रकबा– 6.08 बीघा किस्म–बा.1 का स्वामित्व प्राधिकरण के हक में निहित है। मौके अनुसार आवंटन योग्य भूमि ग्राम की आबादी के समीप ख.सं. 20 में खाली पायी गई। आंगनवाड़ी केन्द्र हेतु 1000 वर्गमीटर प्रस्तावित है, जो वर्तमान में खाली रिक्त है।

खसरा संख्या 20 ग्राम सूरज बासनी का भू–उपयोग MDP 2031 (DRAFT) LAND POOLING AND REDISTRIBUTION ZONE में स्थित है। आयोजना शाखा में उलब्ध MDP 2031 (DRAFT) आपत्ति/सुझाव विश्लेषण अनुसार उक्त खसरा विशेष पर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है। MDP 2031 (DRAFT) रिपोर्ट के अनुसार LAND POOLING AND REDISTRIBUTION ZONE के पृथक से डी.सी.आर. नहीं है, रिपोर्ट के अनुसार उक्त जोन विस्तृत योजना तैयार की जावेगी। जिससे सुविधा क्षेत्र आरक्षित रखे जावेगें। आवेदित भूमि लैण्ड पूलिंग एवं रेस्ट्रीब्यूशन जोन (MDP 2031 (DRAFT)) से सरकारी एवं अर्द्धसरकारी (पंचायत भवन) भू–उपयोग परिवर्तन करने की अनुशंषा राज्य सरकार को की जा सकती है। राज्य सरकार द्वारा जारी परिपत्र दिनांक– 20 जुलाई, 2017 में उल्लेखित प्रावाधानुसार गतिविधियों को व्यापक जनहित माना गया है।

अतः प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ हेतु विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय

उक्त प्रकरण नगरीय विकास विभाग के आदेश कमांक एफ.3 (55) नविवि/3/2002 दिनांक 25 नवम्बर, 2016 के अनुरूप ग्राम सूरज बासनी खसरा संख्या 20 कुल रकबा 6.08 हैक्टेयर में से 1000 वर्ग मीटर भूमि आंगनवाडी केन्द्र भवन के लिए निःशुल्क आवंटन करने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया एवं उक्त भूमि ड्राफ्ट मास्टर प्लान 2031 के अनुसार लैण्ड पूलिंग एवं रिडिस्ट्रीब्यूशन जोन में होने से नगरीय विकास विभाग के आदेश दिनांक 20 जुलाई, 2017 के अनुसार व्यापक जनहित में राज्य सरकार का विभाग होने के कारण भू–उपयोग परिवर्तन करने के निदेशक–आयोजना के प्रस्ताव अनुसार अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया एवं नगरीय विकास विभाग के आदेश दिनांक 20 जुलाई, 2017 की पालना में ही उक्त भू–उपयोग परिवर्तन के आदेश जारी करने से पूर्व इसका अनुमोदन राज्य सरकार से करवाने का कार्यकारी समिति द्वारा सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या 11 :: ग्राम बडा कोटेचा खसरा सं. 269 में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के भूमि आवंटन के अनुमोदन के संबंध में।

एजेण्डा नोटः– आवेदकगण ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, पं. सं तिंवरी, जोधपुर द्वारा ग्राम बडा कोटेचा के खसरा संख्या 269 रकबा 10 बीघा भूमि के वर्तमान भू–उपयोग ग्रामीण ऐरिया (MDP 2031 (DRAFT)) से शैक्षणिक प्रयोजनार्थ भू–उपयोग परिवर्तन के संबंध में आपत्तियां/सुझाव आमंत्रित करने हेतु समाचार–पत्र यथा राष्ट्रदूत के अंक दिनांक– 12 मई, 2018 में आम सूचना का प्रकाशन किया गया। जिसके क्रम में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुआ है।

उक्त भूमि राजस्व ग्राम बडा कोटेचा के खसरा संख्या 269 रकबा 38.11 किस्म गैमु मगरा भूमि राजस्व रेकर्ड अनुसार प्राधिकरण के नाम दर्ज है। मौके पर विद्यालय भवन मय चार दिवारी निर्मित है, तथा विद्यालय संचालित पाया गया। विद्यालय भवन मय चार दिवारी लगभग 10 बीघा भूमि पर स्थित है।

2/8/18

खसरा नं. 269 ग्राम बड़ा कोटेचा का भू-उपयोग MDP 2031 (DRAFT) अनुसार ग्रामीण ऐरिया में स्थित है। आयोजना शाखा में उपलब्ध MDP 2031 (DRAFT) आपत्ति/सुझाव विश्लेषण अनुसार उक्त खसरा विशेष पर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है। MDP 2031 (DRAFT) की डी.सी.आर अनुसार ग्रामीण ऐरिया में विद्यालय भवन अनुज्ञेय नहीं है, तथा भवन विनियम के प्रावधानुसार न्यूनतम पहुँच मार्ग 18 मी. आवश्यक है। आवेदित भूमि ग्रामीण ऐरिया (MDP 2031 (DRAFT)) से शैक्षणिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन करने की अनुशंषा राज्य सरकार को की जा सकती है। राज्य सरकार द्वारा जारी परिपत्र दिनांक- 20 जुलाई, 2017 में उल्लेखित प्रावाधानुसार शैक्षणिक गतिविधियों को व्यापक जनहित माना गया है।

अतः प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ हेतु विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

<u>निर्णय</u>

उक्त प्रस्ताव खसरा संख्या 269 कुल रकबा 38.11 बीघा भूमि किस्म गैर मुमकिन मगरा में से 10 बीघा भूमि पर विद्यालय भवन मय चार दीवारी राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, बडा काटेचा निर्मित है। भूमि आवंटन नीति 2015 के अनुसार उच्च प्राथमिक विद्यालय के लिए संभागीय मुख्यालय पर 2000 वर्ग मीटर क्षैत्रफल तक ही भूमि आवंटन किया जाना अनुज्ञैय है। चूंकि इस प्रकरण में विद्यालय निर्मित है इसलिए समिति ने इस बात को औचित्यपूर्ण माना है कि निर्मित विद्यालय भवन का व चार दीवारी सहित 10 बीघा भूमि का आवंटन किया जाना उचित रहेगा जिस के लिए समिति स्वयं सक्षम नहीं है। अतः प्रकरण आवंटन हेतु राज्य सरकार को भिजवाये जाने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त उक्त क्षैत्र का ड्राफ्ट मास्टर प्लान 2031 के अनुसार भू-उपयोग ग्रामीण क्षैत्र है जिसमें पृथक से विद्यालय अनुज्ञैय नहीं है। लिहाजा समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि राज्य सरकार के आदेश दिनांक 20 जुलाई, 2017 के अनुसार व्यापक जनहित में शैक्षणिक संस्थाएं सम्मिलित होने से इसका भू-उपयोग परिवर्तन करने की अनुशंषा राज्य सरकार से की जावे। चूंकि 10 बीघा भूमि का भू-उपयोग परिवर्तन के लिए राज्य स्तरीय भू-उपयोग परिवर्तन समिति ही सक्षम है इसलिए इस बाबत पृथक से प्रकरण मय अनुशंषा राज्य स्तरीय भू-उपयोग परिवर्तन समिति को भिजवाये जाने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या 12 :: ग्राम खारडा रणधीर खसरा सं. 103 में उप स्वास्थ्य केन्द्र के भूमि आवंटन के अनुमोदन के संबंध में।

एजेण्डा नोटः- आवेदकगण चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जोधपुर आवंटन हेतु ग्राम खारडा रणधीर के खसरा संख्या 103 रकबा 1000 वर्गगज भूमि का आवेदन प्रस्तुत किया गया।

वर्तमान भू-उपयोग आवासीय एवं व्यवसायिक (MDP 2031 (DRAFT)) से चिकित्सालय हेतु भू-उपयोग परिवर्तन करने के संबंध में प्रस्तुत है।

उक्त प्रकरण में ग्राम खारड़ा रणधीर के खसरा नं. 103 रकबा 74.05 बीघा किस्म गोचर प्राधिकरण के खाते में दर्ज है। उक्त खसरा नं. 103 में से 2 बीघा भूमि मौके पर रिक्त उपलब्ध है। मौके पर संचालित बी.टी. रोड़ के मध्य बिन्दु से 50 फीट छोड़ने के पश्चात् स्थित है। मौके पर उक्त भूमि रिक्त पायी गयी, तथा कंटिली झाड़िया उग रखी है।

आवेदित खसरा संख्या 103 राजस्व ग्राम खारडा रणधीर का भू-उपयोग MDP 2031 (DRAFT) अनुसार आवासीय व व्यवसायिक प्रयोजनार्थ है। मास्टर प्लान की प्रस्तावित 30 मीटर सड़क व एच.टी. लाईन गुजरती है। MDP 2031 (DRAFT) रिपोर्ट में डी.सी.आर. अनुसार Public / Semi-Public use में Dispensary, Clinic को 12 मीटर एवं अधिक रोड़ पर अनुज्ञेय किया गया है।

अतः प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ हेतु विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय

उक्त प्रकरण ग्राम खारडा रणधीर के खसरा संख्या 103 रकबा 74–05 बीघा भूमि किस्म गैर मुमकिन गौचर में से उप स्वास्थ्य केन्द्र के लिए राज्य सरकार के आदेश दिनांक 25 नवम्बर, 2016 के बिन्दु संख्या 3 के तहत 500 वर्ग मीटर भूमि निःशुल्क आवंटित करने का निर्णय लिया गया। चूंकि उक्त क्षैत्र का भू–उपयोग ड्राफ्ट मास्टर प्लान 2031 के अनुसार आवासीय एवं व्यवसायिक है जिसमें डिस्पेन्सरी क्लिनिक आदि अनुज्ञेय है। अतः उक्त आवंटन मास्टर प्लान की प्रस्तावित 30 फीट सडक व एच.टी.लाईन के सैफ्टी कॉरिडोर छोड़ते हुए भूमि आवंटित करने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या 13 :: ग्राम चौखा खसरा संख्या 827/650 में अक्षय पात्र फाउंडेशन के भूमि आवंटन के अनुमोदन के संबंध में।

एजेण्डा नोटः– आवेदकगण अक्षय पात्र फाउण्डेशन, निवासी– सी–06 से सी–11 महल योजना, गानेर रोड़, जगतपुरा, जयपुर द्वारा ग्राम चौखा के खसरा संख्या 827/650 में रकबा 5 बीघा भूमि आवंटन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

वर्तमान में उक्त भूमि का भू–उपयोग आवासीय (MDP 2031 (DRAFT)) से संस्थागत के संबंध में आपत्तियां/सुझाव आंमत्रित करने हेतु दो समाचार–पत्र यथा दैनिक नवज्योति के अंक दिनांक– 19.05.2018 एवं दैनिक भास्कर के अंक दिनांक– 19.05.2018 में आम सूचना का प्रकाशन किया गया। जिसके क्रम में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुआ है।

प्राधिकरण के पत्रांक 562 दिनांक 29.12.2017 के द्वारा सार्वजनिक हित के मद्देनजर राज्य स्तर से भू उपयोग परिवर्तन अनुमति हेतु प्रकरण संयुक्त शासन सचिव तृतीय नगरीय विकास विभाग जयपुर को प्रेषित किया गया।

संयुक्त शासन सचिव–तृतीय नगरीय विकास विभाग के पत्रांक प. 1(9)नविवि/जोधपुर/2018 जयपुर दिनांक 13 मार्च 2018 के द्वारा जोधपुर मास्टर डवलपमेन्ट प्लान–2031 (प्रारूप) के तहत आवासीय प्रयोजनार्थ भू उपयोग हेतु जारी डवलपमेन्ट कन्ट्रोल रेगुलेशन (डी.सी.आर.) अनुसार प्राधिकरण के निर्णय उपरान्त जोधपुर विकास प्राधिकरण कार्यवाही करने हेतु सक्षम है। अतः तद्नुसार कार्यवाही किये जाने एवं नवसृजित ग्राम पंचाायत तनावडा के पंचायत भवन प्रयोजनार्थ खसरा नं. 157 कुल रकबा 15.16 बीघा गै.मु. गोचर मे से 1000 वर्गमीटर भूमि का नियमानुसार निःशुल्क आवंटन करने की कार्यवाही के आदेश दिये गये।

तत्पश्चात् प्रकरण प्राधिकरण की कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक 17 अप्रैल 2018 को रखा गया जिसके प्रस्ताव संख्या 29(25) मे निर्णाय लिया गया कि पूर्व मे कार्यकारी समिति की बैठक मे लिये गये निःशुल्क आवंटन के निर्णय के क्रम में 1000 वर्गमीटर भूमि का प्रारूप मास्टर प्लान 2031 के भू–उपयोग आवासीय से राजकीय कार्यालय सार्वजनिक/अर्द्धसार्वजनिक

2/3/18

संस्थान करने का निर्णय लिया गया तथा उपरोक्तानुसार प्रकरण मे भू–उपयोग परिवर्तन के लिये राज्य सरकार को मय अनुशंषा प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया।

प्राधिकरण के पत्रांक 925 दिनांक 08.05.2018 के द्वारा राज्य स्तर से भू–उपयोग परिवर्तन की अनुमति प्रदान करने हेतु प्रकरण मय चैक लिस्ट प्रेषित किया गया।

जिसके प्रतिउत्तर मे संयुक्त शासन सचिव–तृतीय नगरीय विकास विभाग के पत्रांक प. 1(9)नविवि/जोधपुर/2018 जयपुर दिनांक 12 जून 2018 के द्वारा जोधपुर मास्टर डवलपमेन्ट प्लान–2031 (प्रारूप) रिपोर्ट के डी.सी.आर. के अनुसार मास्टर प्लान के आवासीय भू–उपयोग मे सरकारी एवं अर्द्धसरकारी कार्यालय सभी सडकों पर प्राधिकरण के सक्षम स्तर से स्वीकृति उपरान्त अनुज्ञेय है। जोधपुर विकास प्राधिकरण के संबंध मे जोधपुर विकास प्राधिकरण की ।नजीवतपजल सक्षम है। अतः प्राधिकरण स्तर पर निर्णय लिये जाने के आदेश दिये गयें।

इस संबंध मे आयोजना शाखा द्वारा निम्नानुसार टिप्पणी दी गयी है :–

"जोधपुर मास्टर डवलपमेन्ट प्लान 2031 (प्रारूप) अनुसार आवासीय प्रयोजनार्थ आरक्षित जिसमे डी.सी.आर. अनुसार सरकारी/अर्द्धसरकारी कार्यालय सभी सडकों पर प्राधिकरण की सक्षम स्तर से स्वीकृति उपरान्त अनुज्ञेय है परन्तु उक्त खसरे के संबंध में कार्यालय टिप्पणी के पैरा एन/72 अनुसार आपत्ति प्राप्त है। अतः प्रकरण मे भू–उपयोग परिवर्तन की आवश्यकता नही है। परन्तु आपत्ति के संबंध मे निर्णय लिया जाना अपेक्षित है।"

अतः ग्राम पंचायत भवन कार्यालय तनावडा हेतु 1000 वर्गमीटर के आवंटन एवं भू उपयोग परिवर्तन के संबंध मे प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से ग्राम पंचायत तनावडा हेतु 1000 वर्ग मीटर भूमि निःशुल्क आवंटन करने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या 26 :: राजकीय विभागों के लिए भूमि आवंटन बाबत निम्नांकित प्रकरण बाद परीक्षण कार्यकारी समिति की बैठक में रखे जाने हेतु (आंगनवाडी केन्द्र रशीदा)

राजकीय विभागों के लिए भूमि आवंटन बाबत निम्नांकित प्रकरण बाद परीक्षण कार्यकारी समिति की बैठक में रखे जाने हेतु निम्नानुसार प्रस्तुत है:–

क्र. सं.	विभाग का नाम	आवेदन विवरण	आवेदित क्षेत्रफल	ग्राम	खसरा नं. कुल रकबा, किस्म	भूमि स्वामित्व जमाबंदी अनुसार	भू–उपयोग	संबंधित जोन	त्मउंता
1	उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग जोधपुर	आंगनवाडी केन्द्र भवन निर्माण हेतु	1000 वर्गमीटर	रसीदा	181 123 बीघा गोचर	जेडीए के नाम दर्ज	U-2	पूर्व	

प्रकरण कार्यकारी समिति के विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से नगरीय विकास विभाग के पत्र दिनांक 25 नवम्बर, 2016 के क्रम में आंगनवाडी केन्द्र, रसीदा के लिए 1000 वर्ग मीटर भूमि निःशुल्क आवंटन करने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या 27 :: राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित होने पर सरकारी आरक्षित दर पर आवासीय भूखण्ड आवंटन करने बाबत।

प्रार्थी श्री डॉ. भागीरथ सिंह शारिरीक शिक्षक द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि वर्ष 2016 में महा महीम राष्ट्रपति द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर दिनांक 5.9.2016 को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2015 को सम्मानित किया गया था। नगरीय विकास विभाग राजस्थान सरकार द्वारा जारी परिपत्र एवं भूमि निष्पादन नियम 1974 के नियम 17(1) के अनुसार राष्ट्रपति पदक से शिक्षक को पुरस्कार हेतु 200वर्गमीटर तक आरक्षित दर पर आवंटन का प्रावधान किया हुआ है तथा नगरीय विकास विभाग के परिपत्र दिनांक 23.8.2013 के अनुसार भी राष्ट्रपति पदक से सम्मानित शिक्षक को 200वर्गमीटर तक भूखण्ड आवंटन आरक्षित दर पर आवंटन किया जा सकता है। इसी क्रम में प्रार्थी से शपथ पत्र लिया जाना है कि प्रार्थी को पूर्व में किसी भी निकायो से भूखण्ड आवंटन हुआ है अथवा नही।

नगरीय विकास विभाग के परिपत्र दिनांक 22.6.2016 के अनुसार नगर सुधार न्यास नियम 1974 के नियम 17(1) के अर्न्तगत 50 प्रतिशत दर पर पदक विजेताओ को अधिकतम 220 वर्ग मीटर का भूखण्ड आवंटन किए जाने का प्रावधान है। जिसके कारण प्राधिकरण/न्यासो द्वारा आधिक क्षेत्रफल, दर आदि के बारे में प्रकरण राज्य सरकार को अनावयश्क भिजवा दिये जाते है जिसे उक्त प्रकरण राज्य सरकार को नही भिजवा कर परिपत्र अनुसार निर्धारित क्षेत्रफल यदि भूखण्ड सृजित नही है अथवा योजना में उपलब्ध नही है तो उस स्थिति में अधिक क्षेत्रफल के भूखण्ड का पत्राव तभी मान्य होगा तब मूल के क्षेत्रफल से बढा हुआ क्षेत्रफल अधिकतम 15 प्रतिशत से अधिक नही हो। यदि भूखण्ड का क्षेत्रफल 10 प्रतिशत से अधिक है तो उस स्थिती में मूल भूखण्ड के 10 प्रतिशत के बडे हुए क्षेत्रफल पर आवासीय आरक्षित दर तथा शेष 5 प्रतिशत के भूखण्ड के क्षेत्रफल की दर ली जा कर भूखण्ड आवंटन किया जाएगा तथा 15 प्रतिशत तक से अधिक बढे हुए क्षेत्रफल पर कोई विचार नही किया जाएगा।

राष्ट्रपति पदक से सम्मानित शिक्षक को विजयाराजे नगर योजना में पत्रावली में संलग्न रिक्त भूखण्ड की सूची अनुसार भूखण्ड सं. 227 25 50 का आवंटन किया जाने का प्रस्ताव उपायुक्त पूर्व की टिप्पणी है।

अतः प्रकरण कार्यकारी समिति बैठक में निर्णयाथ एवं विचारार्थ है।

निर्णय

बैठक में प्रकरण के संबंध में विचार विमर्श कर सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रस्तुत प्रस्ताव का विस्तृत परीक्षण कर आगामी बैठक में नियमों के प्रकाश में पुनःप्रस्तुत किया जावे।

प्रस्ताव संख्या 28 :: प्राधिकरण में कम्प्यूटराईजेशन हेतु उपयोग में लिये जा रहे उपकरणों की AMC हेतु।

2/8/18

प्राधिकरण में खरीदे गये कम्प्यूटराईजे ान हेतु उपकरणों में अधिकतर उपकरण कि AMC समाप्त हो चुकी है। AMC के आभाव में उपकरण रिपेयरिंग व सर्विस कि सुविधा प्राप्त नही हो रही है।

उपरोक्त उपकरणों का उपयोग जैसे ओडिट पेरा मेनेजमेन्ट सिस्टम, इन्जिनियरिंग प्राजेक्ट मेनेजमेन्ट सिस्टम (ऐस्टिमेट, A&F, टेकिनकल सेक्शन, एनआईटी वर्क आर्डर, रिवाईज ऐस्टिमेट, मेजरमेन्ट बुक, रनिंग बिल), मुख्यमन्त्री जन आवास योजना के ऑनलाईन आवेदन का कार्य, ऑनलाईन सर्विसेज (नाम हस्तांतरण, मानचित्र स्वीकृति, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, बेचान अनुमति, अनापत्ति प्रमाण पत्र, ऑनलाइन भुगतान), प्रोपटी रजिस्टर, कम्प्यूटरराईज लॉटरी, अकाउण्ट सिस्टम, स्केनिग, सैलेरी सोफ्टवेयर तथा बैकअप आदि जगह हो रहा है। उक्त सोफ्टवेयर/डाटा कि उपयोगिता व महंगें पार्टस को देखते हुए AMC करवाना उचित रहेगा।

अतः उपरोक्त उपकरणों कि AMC करवाये जाने का प्रस्ताव EC में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से उपरोक्त प्रस्ताव का अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या 29 :: भूखण्डों की विलम्ब से जमा राशि के संबंध में।

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की विभिन्न आवासीय योजनाएं विशेष रूप से विवेक विहार आवासीय योजना में कतिपय आवेदकों द्वारा निर्धारित समयावधि के पश्चात् मूल राशि जमा करा दी है परन्तु शास्ति एवं ब्याज की राशि उनके द्वारा जमा नहीं करवायी गयी जिससे उनको उक्त भूखण्ड की लीज डीड व कब्जा पत्र आदि जारी नहीं हो सका है। ऐसे प्रकरणों में परिवादी समय समय पर प्राधिकरण में सुनवाई के दौरान उपस्थित होते है और कई बार लिखित में भी प्रार्थना–पत्र देकर यह जाहिर करते है कि वे ब्याज व शास्ति की राशि जमा कराने को तैयार है एवं उन्हें लीज डीड व कब्जा पत्र आदि जारी किये जावे। इस संबंध में राजस्थान नगर सुधार (भूमि निष्पादन) नियम, 1974 के नियम 5 के अनुसार आवंटी को राशि जमा कराने की सूचना प्राप्त होने के 30 दिवस के भीतर राशि जमा करवानी होती है एवं यदि वह 90 दिवस तक राशि जमा नहीं कराता है तो उसका प्रकरण स्वतः निरस्तीकरण में आ जाता है। ऐसे निरस्तीकरण से नियमित करने की तिथि 90 दिवस के पश्चात् प्रारम्भ होती है एवं उस तिथि से एक वर्ष के भीतर भूमि निष्पादन नियम के अनुसार अध्यक्ष महोदय नगर विकास न्यास को नियमित करने का अधिकार रखते हैं एवं 2 वर्ष की अवधि तक न्यास (ट्रस्ट) नियमितिकरण कर सकता है जिसमें नियमानुसार ब्याज व शास्ती की राशि भी ली जानी होती है।

जोधपुर विकास प्राधिकरण के गठन के पश्चात् इस प्रकार के मामलों में अध्यक्ष महोदय नगर विकास न्यास का अधिकार आयुक्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण को प्रदत्त किया गया है एवं न्यास (ट्रस्ट) का अधिकार प्राधिकरण की कार्यकारी समिति को प्रदान किया गया है। यहां यह उल्लेखनीय है कि शास्ती व ब्याज की राशि मूल राशि जमा होने की देरी तक वसूल की जाती है। चूंकि इन प्रकरणों में मूल राशि जमा कराये हुए काफी समय व्यतीत हो चुका है। अतः इस प्रकार के मामलों में कुछ प्रकरणों को राज्य सरकार को भिजवाये गये हैं। वर्ष 2015–16 के लेखा परीक्षण प्रतिवेदन, जिसका परिशिष्ट–20 की छाया प्रति संलग्न की जा रही है। जिससे जाहिर है कि विलम्ब की अवधि की गणना मूल राशि जमा की तिथि तक ही की गई है। अतः ऐसी परिस्थिति में विलम्ब में मुख्य रूप से जितने विलम्ब के साथ मूल राशि जमा करवायी गयी है, उस समय आयुक्त अथवा कार्यकारी समिति के क्षैत्राधिकार में प्रकरण

रहा हो तो हमारी राय में उक्त विलम्ब अवधि तक जमा की गयी मूल राशि पर नियमानुसार ब्याज व शास्ति वसूल कर आयुक्त अथवा कार्यकारी समिति, जिसके भी अधिकार में प्रकरण आता हो, उसे नियमित करना चाहिए जिससे कि इस प्रकार के ऑडिट आक्षेप का निस्तारण हो सके एवं प्राधिकरण को भी वित्तीय हानि नहीं हो तथा साथ ही न्यायालय में अनावश्यक रूप से प्रकरण प्राधिकरण के विरूद्ध प्रस्तुत नहीं किये जावे।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रकरण में निदेशक–वित्त व निदेशक–विधि से भी पूर्व में राय ली गयी जिन्होंने उक्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। अतः प्रस्तुत प्रस्ताव का सर्व सम्मति से अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या 30 :: भूखण्ड संख्या 183/3 रामराज नगर रंजना सिंह मेडतिया के संबंध में।

रंजना सिंह मेडतिया द्वारा प्राधिकरण के आवासीय योजना रामराज नगर(अधिवक्ता) में सामान्य वर्ग में आवेदन किया गया था। रामराज नगर योजना (अधिवक्ता) की लॉटरी दिनांक 22.2.2018 को प्रार्थी को भूखण्ड सं. 183 सेक्टर 3 रामराज नगर 20×45, 83.61 वर्गमीटर साइज का आवंटन हुआ। प्रार्थी को आवंटन पत्र के साथ राशि जमा कराने हेतु डिमाण्ड नोटिस भी जारी किया गया था। प्रार्थी द्वारा राशि जमा करादी गयी है। प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि आवंटित भूखण्ड गहरे खड्डे में होने से भूखण्ड पर निर्माण किया जाना संभव नही है। प्रार्थी ने उक्त भूखण्ड के बदले में अन्यत्र भूखण्ड आवंटन करने का निवेदन किया गया।

प्रार्थी रंजना मेडतिया द्वारा भूखण्ड सं. 183 सेक्टर 3 के स्थान पर भूखण्ड सं. 17 सेक्टर 5 20×49 अर्थात् 91.07 वर्गमीटर साइज, रामराज नगर का आवंटन करने की सहमति प्रदान की है।

प्राधिकरण की कनिष्ठ अभियंता की मौका रिपोर्ट अनुसार आवंटित भूखण्ड सं. 183 सेक्टर 3 रामराज नगर रोड लेवल से भूखण्ड 6 से 7 फुट नीचे है जिसमें आवेदक द्वारा निर्माण करने में असमर्थता जताई है। उक्त भूखण्ड के बदले में प्रार्थी समतल भूखण्ड की मांग की है जिसका भूखण्ड सं. 17 सेक्टर 5 20× 49 91.07 वर्गमीटर साइज, का मौका देखा गया जिस पर प्रार्थी की सहमति भी है।

अतः आवंटित भूखण्ड का क्षेत्रफल मौके पर कम होने से प्रार्थी को वैकल्पिक भूखण्ड आवंटन किया जाना प्रस्तावित है

अतः प्रकरण कार्यकारी समिति बैठक में निर्णयाथ एवं विचारार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से प्रस्ताव अनुसार श्रीमती रंजन मेडतिया को भूखण्ड संख्या 17 सेक्टर–5 रामराज नगर क्षैत्रफल 91.07 वर्ग मीटर विकल्प में आवंटन करने का निर्णय लिया गया। प्रार्थी को आवंटित भूखण्ड की राशि का समायोजन किया जावे एवं पूर्व में प्रार्थी को आवंटित भूखण्ड का आवंटन वैकल्पिक भूखण्ड आवंटित किये जाने के कारण निरस्त करते हुए प्रार्थी को जारी किये जाने वाले नवीन आवंटन आदेश में उक्त निरस्तीकरण का अंकन किया जावे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया प्रार्थी को पूर्व में आवंटित एवं

वर्तमान में आवंटित भूखण्ड के अन्तर के क्षैत्रफल की राशि वर्तमान आरक्षित दर की दुगनी दर से वसूल की जावे।

प्रस्ताव संख्या 31 :: भूखण्ड संख्या 69/3 रामराज नगर जीवनराम पुत्र भीखाराम के संबंध में।

जीवनराम पुत्र भीखाराम द्वारा प्राधिकरण के आवासीय योजना दंतोपत ठेगडी नगर में योजना की लॉटरी 25.7.2008 में भूखण्ड सं. 573, 25×49 113.81 वर्गमीटर साइज का आवंटन हुआ था एवं सडक की चौडाई 40 फीट है। प्रार्थी द्वारा उक्त भूखण्ड की राशि समयावधि में जमा करा दी गयी थी। चूंकि उक्त भूखण्ड पर अतिक्रमण होने से दिनांक 14.10.2010 को पुनः वैकल्पिक भूखण्ड आवंटन की लॉटरी निकाली गयी जिसमें प्रार्थी को भूखण्ड सं. 69 सेक्टर 3 में आवंटन किया गया था। जिसका क्षेत्रफल 113.81 वर्गमीटर है तथा सडक की चौडाई 40 फीट है। प्रार्थी द्वारा भूखण्ड सं. 69/3 रामराज नगर की लीजडीड प्राप्त कर पंजीयन कार्यलय से पंजीकृत करवा ली थी।

भूखण्ड सं. 69/3 रामराज नगर में लॉटरी दिनांक 25.7.2008 को श्रीमति सीमा सोलंकी को आवंटित किया गया था जिसमें प्रार्थी द्वारा आवंटित भूखण्ड की लीजडीड भी प्राप्त की गयी थी। इस प्रकार दोहरा आवंटन का प्रकरण प्राप्त हुआ है।

कनिष्ठ अभियंता द्वारा दिनांक 14.10.2010 की वैकल्पिक लॉटरी हेतु मौका रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी जिसमें भूखण्ड सं. 69/3 रामराज नगर को रिक्त दर्शाया था जिसके अनुसार प्रार्थी श्री जीवनराम को वैकल्पिक भूखण्ड लॉटरी दिनांक 14.10.2010 को भूखण्ड आवंटन हुआ था।

प्रार्थी जीवनराम द्वारा भूखण्ड सं. 69 सेक्टर 3 के स्थान पर भूखण्ड सं. 63 सेक्टर 3 का क्षेत्रफल 25×49 अर्थात् 113.81 वर्गमीटर है जिसकी सडक की चौडाई 40 फीट है। रामराज नगर का आवंटन करने की सहमति प्रदान की है।

प्राधिकरण की कनिष्ठ अभियंता की मौका रिपोर्ट अनुसार आवंटित भूखण्ड सं. 63 सेक्टर 3 रामराज नगर मौके पर रिक्त बताया है। प्रार्थी को पूर्व में आवंटित भूखण्ड सं. 573 दंतोपंत ठेगडी नगर की रोड की चौडाई 40 फुट थी तथा भूखण्ड सं. 69/3 की सडक चौडाई 40 फुट थी तथा प्रस्तावित भूखण्ड सं. 63/3 रामराज नगर की सडक की चौडाई 40 फुट है तथा भूखण्ड का क्षेत्रफल 25×49, 113.81 वर्गमीटर है।

अतः वैकल्पिक भूखण्ड आवंटित करने हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति बैठक में निर्णयाथ एवं विचारार्थ प्रस्तुत है।

<u>निर्णय</u>

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रस्ताव अनुसार भूखण्ड संख्या 63/3 रामराज नगर योजना क्षैत्रफल 113.81 वर्ग मीटर श्री जीवनराम पुत्र श्री भीकाराम को आवंटित किया जावे। पूर्व में प्रार्थी को आवंटित भूखण्ड के स्थान पर यह वैकल्पिक भूखण्ड आवंटित किये जाने के कारण प्रार्थी को पूर्व में आवंटित भूखण्ड का आवंटन निरस्त करते हुए प्रार्थी को जारी किये जाने वाले नवीन आवंटन आदेश में उक्त निरस्तीकरण का अंकन किया जावे।

2/8/12

प्रस्ताव संख्या 32 :: श्री मक्खन लाल राय पुत्र श्री मुकन लाल राय भूखण्ड संख्या 24 सेक्टर ए कमला नेहरू नगर प्रथम विस्तार में माननीय उच्च न्यायालय के दिनांक 16.5.2018 के निर्णय अनुरूप समकक्ष वैकल्पिक भूखण्ड आवंटन पर विचार विमर्श।

मक्खन लाल राय पुत्र मुकन लाल राय को भूखण्ड 24ए कमला नेहरू नगर द्वितिय विस्तार योजना के बदले में माननीय उच्च न्यायालय की रिट याचिका सं. 12716/2017 एवं नगर निगम व जोधपुर विकास प्राधिकरण गठित संयुक्त समिति की बैठक दिनांक 20.11.2017 के निर्णय को कार्यकारी समिति बैठक दिनांक 9.2.2018 के प्रस्ताव सं. 36 में निर्णय लिया कि रामराज नगर योजना में 266.66 वर्गगज का आवंटन किया जावे। प्रार्थी को रामराज नगर में 160 फुट सडक की चौडाई पर भूखण्ड स. 334 30×69 का आवंटन किया गया एवं आवंटित भूखण्ड का आवंटन पत्र दिनांक 28.2.2018 जारी किया गया। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 16.5.2018 के कम में।

JDA, submit that a policy decision has been taken to allot the alternate plot to the persons situated akin to the petitioner in Arna vihar and Ramrajya Nager Schemes. The reserve price of plot no. 24A, Kamala nehru nagar originally allotted in lieu of acquistion to the petitioner Makhan Lal Rai's father is Rs 39,84,000@& Thus, the respondents as per their own decisions which have been placed on record, are under an obligation to provide a plot of same value to the petitioner as fair compensation in lieu of acquisition.

आरक्षित दर एवं डीएलसी दर तुलनात्मक रिपोर्ट

योजना का नाम	क्षेत्रफल वर्गमीटर	आरक्षित दर वर्गमीटरमें	राशि वर्गमीटर में
कमला नेहरू नगर द्वितिय विस्तार सेक्टर बी भूखण्ड सं. 24ए	2400 वर्गफीट अर्थात 222.96 वर्गमीटर	6050/– प्रतिवर्गमीटर	13,48,908/–
रामराज नगर भूखण्ड सं. 334 सेक्टर ए	2070 वर्गफीट अर्थात् 192.30 वर्गमीटर	6534/– प्रतिवर्गमीटर	12,56,507/–

अतः आरक्षित दर की तुलनात्मक उपरोक्त तालिका में अंकित की गयी है जिसके अनुसार भूखण्ड आवंटन पर विचार किया जाना प्रस्तावित है। अतः प्रकरण कार्यकारी समिति बैठक में निर्णयाथ एवं विचारार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय

बैठक में उपस्थित उपायुक्त–पश्चिम ने अवगत कराया कि उपरोक्त प्रस्ताव में टंकण त्रुटि होने से प्रस्ताव को निम्नानुसार पढ़ा जावेः–

मक्खन लाल राय पुत्र मुकन लाल राय को भूखण्ड 24ए कमला नेहरू नगर द्वितिय विस्तार योजना के बदले में माननीय उच्च न्यायालय की रिट याचिका सं. 12716/2017 एवं नगर निगम व जोधपुर विकास प्राधिकरण गठित संयुक्त समिति की बैठक दिनांक 20.11.2017 के निर्णय को कार्यकारी समिति बैठक दिनांक 9.2.2018 के प्रस्ताव सं. 36 में निर्णय लिया कि रामराज नगर योजना में 266.66 वर्गगज का आवंटन किया जावे। प्रार्थी को रामराज नगर में

160 फुट सडक की चौडाई पर भूखण्ड स. 334 30×69 का आवंटन किया गया एवं आवंटित भूखण्ड का आवंटन पत्र दिनांक 28.2.2018 जारी किया गया।

JDA, submit that a policy decision has been taken to allot the alternate plot to the persons situated akin to the petitioner in Arna vihar and Ramrajya Nager Schemes. The reserve price of plot no. 24A, Kamala nehru nagar originally allotted in lieu of acquistion to the petitioner Makhan Lal Rai's father is Rs 39,84,000@& Thus, the respondents as per their own decisions which have been placed on record, are under an obligation to provide a plot of same value to the petitioner as fair compensation in lieu of acquisition.

आरक्षित दर तुलनात्मक रिपोर्ट

योजना का नाम	क्षेत्रफल वर्गमीटर	आरक्षित दर वर्गमीटरमें	राशि वर्गमीटर में
कमला नेहरू नगर द्वितिय विस्तार सेक्टर बी भूखण्ड सं. 24ए	2400 वर्गफीट अर्थात 222.96 वर्गमीटर	6050/- प्रतिवर्गमीटर	13,48,908/-
रामराज नगर भूखण्ड सं. 334 सेक्टर ए	2070 वर्गफीट अर्थात् 192.30 वर्गमीटर	6534/- प्रतिवर्गमीटर	12,56,507/-

अतः आरक्षित दर की तुलनात्मक उपरोक्त तालिका में अंकित की गयी है जिसके अनुसार भूखण्ड आवंटन पर विचार किया जाना प्रस्तावित है। अतः प्रकरण कार्यकारी समिति बैठक में निर्णयाथ एवं विचारार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 16.5.2018 के कम में माननीय न्यायालय ने आदेश दिया था कि वादी श्री मक्खन लाल राय को भूखण्ड संख्या 24-ए, कमला नेहरू नगर द्वितीय विस्तार के बदले रामराज नगर योजना में समान मूल्य का भूखण्ड आवंटित किया जावे। इस संबंध में उपायुक्त-पश्चिम से रिपोर्ट ली गयी जिनके द्वारा कमला नेहरू नगर योजना की वर्ष 2010 (जब कमला नेहरू नगर योजना नगर निगम, जोधपुर को हस्तान्तरित की गयी थी) आरक्षित दर 5000/- रूपये प्रति वर्ग मीटर थी। वर्तमान में यदि कमला नेहरू नगर प्राधिकरण के पास होता तो इसकी आरक्षित दर क्या होती, इसकी गणना भूमि निष्पादन नियम, 1974 के नियम 12 (3) के अनुसार 3 वर्ष के अन्तराल में 10 प्रतिशत बढ़ाते हुए गणना की गयी एवं उस आरक्षित दर को कमला नेहरू नगर की वर्तमान आरक्षित दर मानते हुए तुलना की गयी। जिसके अनुसार कमला नेहरू नगर में पूर्व में आवंटित 222.96 वर्ग मीटर क्षैत्रफल के भूखण्ड 24-ए का कुल मूल 13.48 लाख रूपये होता है। वहीं रामराज नगर योजना में वर्तमान आरक्षित दर 6,534 रूपये प्रति वर्ग मीटर है। यदि रामराज नगर में भी श्री मक्खन लाल को 222.96 वर्ग मीटर का भूखण्ड आवंटित कर दिया जाता है तो उसका मूल्य 14.56 लाख रूपये होता है जो कि इनको आवंटित किये गये भूखण्ड से अधिक है। चूंकि प्राधिकरण के पास रामराज नगर योजना में भूखण्ड संख्या 334 सेक्टर-1 उपलब्ध है जिसका क्षैत्रफल 192.30 वर्ग मीटर है एवं इसकी आरक्षित दर 6,534/- रूपये प्रति वर्ग मीटर से गणना करने पर उसका मूल्य 12.56 लाख रूपये आता है। ऐसी स्थिति में दूसरे भूखण्ड के मूल्य में अन्तर 92,401/- रूपये है। अतः सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि श्री मक्खनलाल राय को आवंटित भूखण्ड के अन्तर की राशि का समायोजन लीज राशि के रूप में कर लिया जावे। पूर्व में प्रार्थी को आवंटित भूखण्ड के स्थान पर यह वैकल्पिक भूखण्ड आवंटित किये जाने के कारण प्रार्थी को पूर्व में आवंटित

भूखण्ड का आवंटन निरस्त करते हुए प्रार्थी को जारी किये जाने वाले नवीन आवंटन आदेश में उक्त निरस्तीकरण का अंकन किया जावे।

प्रस्ताव संख्या 33 :: भूखण्ड संख्या 191/1 रामराज नगर श्री महेन्द्रसिंह राजपुरोहित के संबंध में।

श्री महेन्द्र सिंह राजपुरोहित द्वारा प्राधिकरण के आवासीय योजना रामराज नगर(अधिवक्ता) में सामान्य वर्ग में आवेदन किया गया था। रामराज नगर योजना (अधिवक्ता) की लॉटरी दिनांक 22.2.2018 को प्रार्थी को भूखण्ड सं. 191 सेक्टर 1 रामराज नगर 30×64 साइज 178.37 वर्गमीटर का आवंटन हुआ। जिसकी सडक की चौडाई 40 फीट है। प्रार्थी को आवंटन पत्र के साथ राशि जमा कराने हेतु डिमाण्ड नोटिस भी जारी किया गया था। प्रार्थी द्वारा राशि जमा कराने से पूर्व स्थाई लोक अदालत प्रकरण सं. 157/2018 को शिकायत दर्ज की गयी। प्रार्थी ने लोक अदालत में शिकायत की गयी कि आवंटित भूखण्ड का प्रार्थी द्वारा मौका देखा गया जिसमें बताया कि आवंटित भूखण्ड के स्थान पर कोई भूखण्ड है ही नही, बल्कि एक प्राकृतिक पहाडो के बीच से निकलने वाला नाला है, जिसे किसी भी स्थिति में रहवासीय प्लॉट नही कहा जा सकता न ही किसी भी स्थिति में मकान बनाया जा सकता है। भूखण्ड सं. 191 सेक्टर 1 मौके पर 10 फीट की पट्टी है।

प्राधिकरण की कनिष्ठ अभियंता की मौका रिपोर्ट अनुसार आवंटित भूखण्ड पर सघन कटीली झाडिया एवं मुटाम नही लगने से भूखण्ड का सही माप तथा नाले की स्थिति स्पष्ट रूप से ज्ञात नही हो सकती। साथ ही कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि आवंटित भूखण्ड का मुटाम लगाने पर ही सही माप प्राप्त हो सकता है।

अतः आवंटित भूखण्ड का क्षेत्रफल मौके पर कम होने से प्रार्थी को वैकल्पिक भूखण्ड इसी योजना में समान आकार एवं समतुल्य रिक्त भूखण्ड का आवंटन किया जाना प्रस्तावित है तथा प्रार्थी द्वारा स्थायी लोक अदालत में प्रकरण दायर किया गया है जिसका भी जवाब भिजवाया जाना प्रस्तावित है।

अतः प्रकरण कार्यकारी समिति बेठक में निर्णयाथ एवं विचारार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से प्रस्ताव अनुसार प्रार्थी श्री महेन्द्रसिंह राजपुरोहित को लॉटरी में आवंटित भूखण्ड संख्या 191 सेक्टर–1 रामराज नगर योजना आकार 30 फीट गुणा 64 फीट के स्थान पर वैकल्पिक समान आकार का भूखण्ड आवंटन किये जाने का निर्णय लिया गया। पूर्व में प्रार्थी को आवंटित भूखण्ड के स्थान पर यह वैकल्पिक भूखण्ड आवंटित किये जाने के कारण प्रार्थी को पूर्व में आवंटित भूखण्ड का आवंटन निरस्त करते हुए प्रार्थी को जारी किये जाने वाले नवीन आवंटन आदेश में उक्त निरस्तीकरण का अंकन किया जावे।

प्रस्ताव संख्या 34 :: श्री लाला राम जोलिया के भूखण्ड संख्या 44/4 रामराज नगर

श्री लाल राम जोलिया का प्रकरण कार्यकारी समिति बैठक दिनांक 9.2.2018 को रखा गया था। प्रस्ताव सं. 40 में निर्णय लिया कि प्रार्थी श्री लाला राम जोलिया को भूखण्ड सं. 5 सेक्टर 4 रामराज नगर में आवंटन किया जावें तथा उक्त भूखण्ड के क्षेत्रफल का भी पुनः नाप

2/8/18

करवाया जावें। पूर्व में मूल आवंटित क्षेत्रफल से यदि अधिक क्षेत्रफल पाया जाता है तो अधिक क्षेत्रफल की कीमत राशि वर्तमान आरक्षित दर की दुगुनी दर से वसूल की जावें।

कार्यकारी समिति बैठक के निर्णय की पालना में मूल आवंटित भूखण्ड संख्या 568 दंतोपंत ठेगडी नगर 250 वर्गमीटर एवं वर्तमान आवंटित भूखण्ड संख्या 5 रामराज नगर सेक्टर 4, 322.46 वर्गमीटर के क्षेत्रफल में अंतर 72.46 वर्गमीटर की अधिक क्षेत्रफल की राशि वर्तमान रामराज नगर आरक्षित दर 5940रू प्रतिवर्गमीटर की दुगुनी दर से 8,60,825/— होते है जिसका नोटिस प्रार्थी को प्रेषित किया गया है। प्रार्थी द्वारा दिनांक 23.5.2018 को पत्र प्रेषित कर निवेदन किया है कि अंतर राशि का नोटिस में वर्णित राशि 8,60,825/— रू जमा कराने का प्राप्त हुआ। प्रार्थी द्वारा निवेदन किया कि उपरोक्त राशि अधिक है जिसके लिए निवेदन किया कि आरक्षित दर की दुगुनी दर से कम कर आरक्षित दर का नोटिस प्रदान करने पर जो भी राशि होगी में जमा कराने को सहमत हूं।

इस संबंध में प्राधिकरण के सचिव महोदय द्वारा निर्देशक विधि से पत्रावली में राय प्राप्त की गई। निर्देशक विधि की राय अनुसार प्रार्थी को मूल रूप से आवंटित भूखण्ड की लीजडीड जारी कर कब्जा सुपुर्द नही किये जाने पर प्रार्थी का कोई दोष नही था। प्राधिकरण द्वारा प्रार्थी को आवंटित भूखण्ड के समान माप का भूखण्ड आवंटित नही कर पा रहा है। प्रार्थी के द्वारा बढी हुयी भूमि की राशि आरक्षित दर से ही वसूलने की मांग की गयी है। ऐसी स्थिति में प्रार्थी द्वारा माननीय न्यायालय में वाद दायर किया जाता है तो उसकी सफलता की संभावनाए काफी प्रबल प्रतीत होती है।

अतः वस्तु स्थिति को दृष्टिगत करते हुए साम्या के सिद्वान्तो की पालना में कार्यकारी समिति से पूर्व निर्णय पर पुर्नविचार करने हेतु राय प्रस्तुत की हैं। अतः प्रकरण कार्यकारी समिति बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत है।

<u>निर्णय</u>

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से प्रस्ताव अनुसार श्री लालाराम जोलिया को आवंटित भूखण्ड जो कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक 9 फरवरी, 2018 के अनुसार दिया गया था एवं यह भूखण्ड दन्तोपंथ ठेगडी में पूर्व में आवंटित भूखण्ड के विवादित होने के कारण उसके एवज में दिया गया था। इस प्रकार एवज में आवंटित भूखण्ड के अतिरिक्त क्षैत्रफल के लिए आरक्षित दर के अनुसार राशि वसूल करने का निर्णय लिया गया।

प्रस्ताव संख्या 35 :: भूखण्ड संख्या 21 सुभाष नगर श्री जयकिशन अग्रवाल (रतन कंवर अग्रवाल)

श्री जयकिशन अग्रवाल पुत्र मगराज को सुभाष नगर लॉटरी दिनांक 23.10.1983 भूखण्ड सं. 21 क्षेत्रफल 375 वर्गगज का आवंटन हुआ था। भूखण्ड सं. 21 सुभाष नगर की नगर निगम जोधपुर से मूल पत्रावली प्राप्त हुयी है। तत्कालीन नगर विकास न्यास एवं वर्तमान जोधपुर विकास प्राधिकरण की रसीद संख्या 139/10 दिनांक 13.8.1984, 27097.25/-- राशि जमा है।

उपरोक्त भूखण्ड की मौका रिपोर्ट अनुसार भूखण्ड सं. 21 सुभाष नगर पर छीने लगी हुई है तथा एक लोहे का गेट बना हुआ है। भूखण्ड के पिछे के हिस्से में 20×10 साइज का छीनो का कमरा बना हुआ है तथा भूखण्ड की साइज 30×60= 200 वर्गगज दर्शायी है। जेईन द्वारा पूछताछ करने पर पता चला कि उपरोक्त भूखण्ड पर श्री जगदीश परिहार द्वारा कब्जा किया हुआ है।

2/8/18

प्रार्थी श्री जयकिशन अग्रवाल की मृत्यु के पश्चात श्रीमति रतन कंवर द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में एस बी सिविल रिट याचिका संख्या 6394/2014 दर्ज करायी गयी कि आवंटित भूखण्ड सं. 21 सुभाष नगर का भौतिक कब्जा नही दिया गया।

उपरोक्त प्रकरण संयुक्त परिवेदना निस्तारण समिति (नगर निगम एवं जोधपुर विकास प्राधिकरण) की बैठक दिनांक 20.2.2018 के बिन्दु सं. 2 में निर्णय लिया कि प्रार्थी को आवंटित भूखण्ड का कब्जा व लाइसेंस नही देने से माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गयी। प्रकरणो के तथ्यो एवं अभिलेख के आधार पर समिति का यह निष्कर्ष है कि यदि नगर निगम जोधपुर के द्वारा शीघ्र ही आवंटित भूखण्ड का भौतिक कब्जा दिलाया जावें, यदि ऐसा संभव नही हो तो याचिकार्थिया को सुभाष नगर योजना में उपलब्ध अन्य कोई रिक्त भूखण्ड आवंटित किया जावें। यदि सुभाष नगर योजना में कोई भी रिक्त भूखण्ड नही हो तो नगर निगम के द्वारा अवगत कराये जाने पर जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर के द्वारा वैकल्पिक भूखण्ड आवंटन की कार्यवाही की जायेगी। पत्रावली के पैरा एन 53 में नगर निगम जोधपुर द्वारा सुभाष नगर योजना में रिक्त भूखण्ड नही होने से नगर निगम द्वारा भूखण्ड आवंटन नही किया गया।

संयुक्त परिवेदना निस्तारण समिति के निर्णय के अनुसार जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर की आवासीय योजना अरना विहार योजना में निम्न रिक्त भूखण्ड है।

क्रम संख्या	भूखण्ड संख्या	सेक्टर	भूखण्ड का क्षेत्रफल मीटर में	भूखण्ड का क्षेत्रफल वर्गगज में
1	6	ए	375	448.41
2	25	ए	375	448.41
3	106	ए	234	279.87
4	127	ए	234	279.87

उपरोक्त रिक्त भूखण्डो में से एक भूखण्ड का आवंटन किया जाना प्रस्तावित है। इस संबंध में प्रार्थी से भूखण्ड आवंटन की सहमति लेकर प्रार्थी को आवंटित भूखण्ड का आवंटन पत्र जारी किया जायेगा। अतः प्रकरण कार्यकारी समिति बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार श्री जयकिशन अग्रवाल को पूर्व में आवंटित भूखण्ड के बदले में अरणा विहार योजना में भूखण्ड संख्या 6, 25, 106, 127 सेक्टर–ए में से सहमति ली जाकर कोई एक भूखण्ड आवंटन किया जावे। पूर्व में प्रार्थी को आवंटित भूखण्ड के स्थान पर यह वैकल्पिक भूखण्ड आवंटित किये जाने के कारण प्रार्थी को पूर्व में आवंटित भूखण्ड का आवंटन निरस्त करते हुए प्रार्थी को जारी किये जाने वाले नवीन आवंटन आदेश में उक्त निरस्तीकरण का अंकन किया जावे।

प्रस्ताव संख्या 36 :: भूखण्ड संख्या 72 सुभाष नगर श्री शंकरलाल

प्रार्थी श्री शंकरलाल पुत्र हेमराज को लॉटरी दिनांक 23.10.83 से भूखण्ड सं. 72 का आवंटन हुआ जिसका क्षेत्रफल 152.77 वर्गगज है। प्रार्थी द्वारा आवंटित भूखण्ड की राशि 9957. 75/– रू जरिये रसीद संख्या 849/21 दिनांक 24.8.1985 को राशि जमा करायी है। नगर निगम से उपरोक्त भूखण्ड की भूल पत्रावली जोधपुर विकास प्राधिकरण को प्राप्त हुयी है।

उपरोक्त प्रकरण संयुक्त परिवेदना निस्तारण समिति (नगर निगम एवं जोधपुर विकास प्राधिकरण) की बैठक दिनांक 20.2.2018 के बिन्दु सं. 5 में निर्णय लिया कि प्रार्थी को आवंटित भूखण्ड का कब्जा व लाइसेंस नही देने से माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गयी। प्रकरणो के तथ्यो एवं अभिलेख के आधार पर समिति का यह निष्कर्ष है कि यदि नगर निगम जोधपुर के द्वारा शीघ्र ही आवंटित भूखण्ड का भौतिक कब्जा दिलाया जावें, यदि ऐसा संभव नही हो तो याचिकार्थि को सुभाष नगर योजना में उपलब्ध अन्य कोई रिक्त भूखण्ड आवंटित किया जावें। यदि सुभाष नगर योजना में कोई भी रिक्त भूखण्ड नही हो तो नगर निगम के द्वारा अवगत कराये जाने पर जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर के द्वारा वैकल्पिक भूखण्ड आवंटन की कार्यवाही की जायेगी। पत्रावली के पैरा एन 11 में नगर निगम जोधपुर द्वारा सुभाष नगर योजना में रिक्त भूखण्ड नही होने से नगर निगम द्वारा भूखण्ड आवंटन नही किया गया।

संयुक्त परिवेदना निस्तारण समिति के निर्णय के अनुसार जोधपुर विकास प्राधिकरण के सचिव महोदय द्वारा प्रार्थी को अरना विहार योजना के भूखण्ड सं. 249 सेक्टर बी का क्षेत्रफल 120 वर्गमीटर अर्थात् 143.52 वर्गगज भूखण्ड की सहमति लेने का आदेश पत्रावली में किया गया है जिसके अनुसार प्रार्थी श्री उपरोक्त भूखण्ड की सहमति हेतु पत्र दिनांक 3.7.2018 को प्रेषित किया गया है किन्तु प्रार्थी द्वारा उक्त भूखण्ड की सहमति प्रस्तुत नही की है। प्रार्थी को भूखण्ड आवंटन का आवंटन पत्र जारी करने से पूर्व सहमति लेने के पश्चात प्रार्थी को भूखण्ड आवंटन का आवंटन पत्र जारी किया जायेगा।

अतः प्रकरण भूखण्ड आवंटन हेतु कार्यकारी समिति बैठक में विचारार्थ एवं निर्णयार्थ हेतु प्रस्तुत है।

<u>निर्णय</u>

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार प्रार्थी श्री शंकरलाल को पूर्व में आवंटित भूखण्ड के स्थान पर अरणा विहार योजना में भूखण्ड संख्या 249 सेक्टर–बी क्षैत्रफल 143.52 वर्ग गज का आवंटन सहमति लेकर किया जावे। पूर्व में प्रार्थी को आवंटित भूखण्ड के स्थान पर यह वैकल्पिक भूखण्ड आवंटित किये जाने के कारण प्रार्थी को पूर्व में आवंटित भूखण्ड का आवंटन निरस्त करते हुए प्रार्थी को जारी किये जाने वाले नवीन आवंटन आदेश में उक्त निरस्तीकरण का अंकन किया जावे।

प्रस्ताव संख्या 37 :: भूखण्ड संख्या 282 सेक्टर 2 रामराज नगर के दोहरा आवंटन के कम में प्रथम आवंटित भूखण्ड संख्या 373 सेक्टर 1 राजराज नगर के एवज में अन्य समकक्ष वैकल्पिक भूखण्ड के आवंटन बाबत। आवंटी श्री किशन लाल गौड़।

श्री किशनलाल गौड को लॉटरी दिनांक 2.9.2008 को भूखण्ड सं. 373 सेक्टर 1 39 X 89, 322.45 वर्गमीटर का रामराज नगर योजना में भूखण्ड आवंटन हुआ था। प्रार्थी द्वारा भूखण्ड की कीमत राशि समयावधि में जमा करा दी थी तथा आवंटित भूखण्ड का भौतिक कब्जा एवं लीजडीड भी प्राप्त कर ली गयी थी।

प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि आवंटित भूखण्ड पर अन्य व्यक्ति का अतिकमण होने से मुझे दुसरा भूखण्ड आवंटित किया जावें।

प्रार्थी को आवंटित भूखण्ड सं. 373 सेक्टर 1 रामराज नगर योजना का भूखण्ड पर अतिक्रमण होने से प्राधिकरण द्वारा वैकल्पिक भूखण्ड की लॉटरी दिनांक 14.10.2010 को निकाली गयी जिसमें प्रार्थी श्री किशनलाल गौड को भूखण्ड सं. 282 सेक्टर 2 रामराज नगर

का क्षेत्रफल 217.94 वर्गमीटर का आवंटन किया गया था। प्रार्थी को पूर्व में आवंटित भूखण्ड के क्षेत्रफल से कम क्षेत्रफल का भूखण्ड आवंटन किया गया था।

भूखण्ड सं. 282 सेक्टर 2 रामराज नगर का आवंटन पूर्व में अधिवक्ता की लॉटरी दिनांक 14.7.2008 को श्री अनिल प्रजापत को आवंटन किया हुआ है एवं उक्त भूखण्ड की प्रार्थी द्वारा कीमत राशि जमा करा दी गयी। इस प्रकार यह भूखण्ड भी विवादित हो गया व प्रार्थी को नही दिया जा सका।

प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अधिवक्ता श्री अनिल प्रजापत को भूखण्ड संख्या 282/2 पूर्व में आवंटन होने से मुझे इसी योजना में रिक्त भूखण्ड आवंटन करने का अनुरोध किया है। रामराज नगर में कनिष्ठ अभियंता की रिपोर्ट अनुसार भूखण्ड सं. 373 सेक्टर 1 किसी अन्य व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण किया हुआ है तथा भूखण्ड पर कच्ची बस्ती बसी हुई है तथा भूखण्ड सं. 282/2 अधिवक्ता श्री अनिल प्रजापत को पूर्व में आवंटन होने से प्रार्थी को इसी योजना में भूखण्ड सं. 3, 4, 6, 7 भूखण्ड साइज 39 X 89, 322.45 वर्गमीटर के रिक्त दर्शाए है। उपरोक्त सभी भूखण्ड सडक की चौडाई 100 फीट है तथा पूर्व में किये गये आवंटन 60 फीट चौडाई पर थे।

अतः प्रार्थी को वैकल्पिक भूखण्ड आवंटन करने हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति बैठक में विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय

बैठक में प्रकरण पर विचार विमर्श किया गया एवं बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से श्री किशनलाल गौड को पूर्व में आवंटित भूखण्ड के स्थान पर रामराज नगर योजना में भूखण्ड संख्या 3, 4, 6, 7 जिनका क्षेत्रफल 322.45 वर्ग मीटर है, में से कोई एक भूखण्ड का आवंटन विकल्प लेकर आवंटन करने का निर्णय लिया गया। पूर्व में प्रार्थी को आवंटित भूखण्ड के स्थान पर यह वैकल्पिक भूखण्ड आवंटित किये जाने के कारण प्रार्थी को पूर्व में आवंटित भूखण्ड का आवंटन निरस्त करते हुए प्रार्थी को जारी किये जाने वाले नवीन आवंटन आदेश में उक्त निरस्तीकरण का अंकन किया जावे।

प्रस्ताव संख्या 38 :: भूखण्ड संख्या 238 सेक्टर–ए मामा अचलेश्वर प्रसाद योजना ग्राम सांगरिया, जोधपुर के दोहरा आवंटन हो जाने के संबंध में।

1– **भूखण्ड संख्या 238 सेक्टर–ए, मामा अचलेश्वर प्रसाद योजना श्री उम्मेद सिह पुत्र श्री शेषकरण को आवंटित भूखण्ड के संबंध में।**

2– **भूखण्ड संख्या 238 सेक्टर–ए, मामा अचलेश्वर प्रसाद योजना श्री रामनिवास पुत्र श्री बिरमाराम को आवंटित भूखण्ड के संबंध में।**

कार्यालय नगर सुधार न्यास, जोधपुर द्वारा भूखण्ड संख्या 238 सेक्टर–'ए', मामा अचलेश्वर प्रसाद योजना ग्राम सांगरिया, जोधपुर में दिनांक 04.03.1999 को श्री उम्मेद सिंह सान्दू पुत्र श्री शेषकरण सान्दू को 167.22 वर्गमीटर का आवंटित किया गया । सडक का नाप 40' है । उक्त भूखण्ड की राशि प्रार्थी द्वारा जमा करवा दी गई थी ।

कार्यालय नगर सुधार न्यास, जोधपुर द्वारा इसी योजना दिनांक 25.04.2008 को भूखण्ड संख्या 238 सेक्टर –'ए' माम अचलेश्वर प्रसाद योजना ग्राम सांगरिया, जोधपुर में श्री रामनिवास पुत्र श्री बीरमाराम को 167.22 वर्गमीटर का आवंटित कर दिया गया था । सडक का नाप 40' है । प्रार्थी द्वारा इसी भूखण्ड की भी राशि जमा करवा दी गई ।

इस प्रकार मामा अचलेश्वर प्रसाद योजना ग्राम सांगरिया में दोहरा आवंटन हो गया और भूखण्ड 200 फीट बाईपास से प्रभावित हो जाने के कारण कार्यकारी समिति की बैठक दिनांक 11.03.2015 के प्रस्ताव संख्या 15 के अनुरार आवेदको से विकल्प मांगे जाने का निर्णय लिया गया । प्रार्थी श्री उम्मेद सिंह ने राजीव गांधी में समकक्ष तूल्य भूखण्ड तथा मुख्य सडक पर भूखण्ड तथा भूखण्ड संख्या बी–113, राजीव गांधी नगर योजना चौखा में दिलवाने हेतु सहमति प्रस्तुत की गई । भूखण्ड संख्या बी–113 राजीव गाधी नगर योजना श्री परवीन अख्तर को आवंटित है । और लीजडीड भी जारी है । श्री उम्मेद सिंह को राजीव गांधी नगर में अनरूप समकक्ष विकल्प का भूखण्ड देने के लिए कनिष्ठ अभियन्ता से राजीव गांधी नगर चौखा में रिक्त भूखण्डो की मौका रिपोर्ट मंगवाई गई । कनिष्ठ अभियन्ता की मौका रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी को सेक्टर–'ई' राजीव गांधी नगर का कनिष्ठ अभियन्ता के साथ मौका देख कर भूखण्ड आवंटित करने के लिए सहमति मांगी गई । प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 01.06.2018 के अनुसार राजीव गांधी नगर योजना में सेक्टर–'ई' में बडे गढ्ढे व भूखण्ड पर जाने के लिए कोई रास्ता न होने के कारण राजीव गांधी नगर योजना में भूखण्ड लेने से इन्कार कर प्राधिकरण की अरणा विहार योजना ग्राम बडली में भूखण्ड आवंटन करने की सहमति प्रस्तुत की गई । श्री उम्मेद सिंह सान्दू पुत्र श्री शेषकरण सान्दू द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के अनुसार अरणा विहार योजना ग्राम बडली में भूखण्ड संख्या 11 सेक्टर–'बी' में समतुल्य 162 वर्गमीटर का व सडक की चौडाई 12 मीटर पर रिक्त है। भूखण्ड संख्या 11 सेक्टर–बी अरणा विहार योजना ग्राम बडली में आवंटन करने के लिए प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत है ।

अतः प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है ।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से प्रस्ताव अनुसार प्रार्थी श्री उम्मेद सिंह को अरणा विहार योजना में भूखण्ड संख्या 11 सेक्टर बी क्षैत्रफल 162 वर्ग मीटर वैकल्पिक भूखण्ड के रूप में आवंटन करने का निर्णय लिया गया। पूर्व में प्रार्थी को आवंटित भूखण्ड के स्थान पर यह वैकल्पिक भूखण्ड आवंटित किये जाने के कारण प्रार्थी को पूर्व में आवंटित भूखण्ड का आवंटन निरस्त करते हुए प्रार्थी को जारी किये जाने वाले नवीन आवंटन आदेश में उक्त निरस्तीकरण का अंकन किया जावे।

प्रस्ताव संख्या 39 :: भूखण्ड संख्या 207 सेक्टर–05, रामराज नगर योजना ग्राम चौखा जोधपुर में दोहरा आवंटन होने बाबत।

1– श्रीमती ईश्वरी पत्नी श्री जीवतराम भूखण्ड संख्या 207 सेक्टर–05, रामराज नगर योजना ग्राम चौखा जोधपुर
2– श्री कन्हैयालाल जोशी पुत्र श्री सुखदेव जोशी भूखण्ड संख्या 207 सेक्टर–05, रामराज नगर योजना ग्राम चौखा जोधपुर

कार्यालय नगर विकास न्यास जोधपुर में कार्यालय आदेश क्रमांक 3179–83 दिनांक 21.08.2008 के अनुसार भूखण्ड संख्या 207 सेक्टर–05 रामराज नगर योजना ग्राम चौखा जोधपुर में श्रीमति ईश्वरी देवी पत्नी श्री जीवतराम को 15×30=41.80 वर्गमीटर का आवंटन किया गया । उक्त भूखण्ड की लीजडीड प्राधिकरण द्वारा दिनांक 16.11.2009 को श्रीमति ईश्वरी पत्नी श्री जीवतराम के नाम जारी की जा चुकी है ।

कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर द्वारा दिनांक 22.02.2018 को अधिवक्ताओं के लिए निकाली गई रामराज नगर योजना ग्राम चौखा में भूखण्ड संख्या 207 सेक्टर–05, में श्री कन्हैयालाल जोशी पुत्र श्री सुखदेव जोशी को 15×30=41.80 वर्गमीटर को आवंटन किया गया । प्रार्थी श्री कन्हैयालाल जोशी पुत्र श्री सुखदेव जोशी के द्वारा भूखण्ड की कीमत राशि दिनांक 09.05.2018 को जमा करवा दिये है । प्रार्थी द्वारा दिनांक 11.05.2018 को लीजडीड जारी करने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है ।

उपायुक्त (पश्चिम) द्वारा पूर्ण जांच कर निर्णय लिया गया कि भूखण्ड का दोहरा आवंटन हो जाने के कारण प्रार्थी श्री कन्हैयालाल जोशी पुत्र श्री सुखदेव जोशी को रामराज नगर योजना में उसी अनुरूप अन्य समकक्ष भूखण्ड आवंटन करने हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष रखा जाने का निर्णय लिया गया है ।

अतः प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है ।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार दोहरे आवंटन का प्रकरण होने से श्री कन्हैयालाल जोशी को रामराज नगर योजना में अन्य समतुल्य भूखण्ड आवंटन करने का निर्णय लिया गया। पूर्व में प्रार्थी को आवंटित भूखण्ड के स्थान पर यह वैकल्पिक भूखण्ड आवंटित किये जाने के कारण प्रार्थी को पूर्व में आवंटित भूखण्ड का आवंटन निरस्त करते हुए प्रार्थी को जारी किये जाने वाले नवीन आवंटन आदेश में उक्त निरस्तीकरण का अंकन किया जावे।

प्रस्ताव संख्या 40 :: भूखण्ड संख्या 393 सेक्टर–01, रामराज नगर योजना ग्राम चौखा जोधपुर में दोहरा आवंटन होने बाबत।

1– श्री रघुनाथ सिंह गौड पुत्र श्री प्रतापसिंह गौड भूखण्ड संख्या 393 सेक्अर–01, रामराज नगर योजना ग्राम चौखा जोधपुर
2– श्री रामस्वरूप टाक पुत्र श्री नाथूराम टाक, भूखण्ड संख्या 393 सेक्टर–01, रामराज नगर योजना ग्राम चौखा जोधपुर

कार्यालय नगर विकास न्यास जोधपुर द्वारा लॉटरी दिनांक 14.07.2008 के अनुसार भूखण्ड संख्या 393 सेक्टर–01, रामराज नगर योजना ग्र्रम चौखा जोधपुर में श्री रघुनाथ सिंह गौड पुत्र श्री प्रताप सिंह गौड को 25'×49'=113.80 वर्गमीटर का आवंटन किया गया । उक्त भूखण्ड की लीजडीड प्राधिकरण द्वारा दिनांक 25.09.2009 को श्री रघुनाथ सिंह गौड पुत्र श्री प्रताप सिंह गौड के नाम जारी की जा चुकी है ।

कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर द्वारा लॉटरी दिनांक 14.07.2008 के अनुसार भूखण्ड संख्या 254 सेक्टर–01, रामराज नगर योजना ग्राम चौखा श्री रामस्वरूप टाक पुत्र श्री नाथुराम टाक को 25'×49'=113.80 वर्गमीटर को आवंटन किया गया । प्रार्थी द्वारा उक्त भूखण्ड की राशि जमा करवा दी गई । भूखण्ड संख्या 254 सेक्टर–01, रामराज नगर अतिक्रमंण में आ जाने के कारण वैकल्पक भूखण्ड का आवंटन हेतु दिनांक 14.10.2010 को लॉटरी द्वारा श्री रामस्वरूप टाक को भूखण्ड संख्या 393 सेक्टर–01, रामराज नगर योजना में आवंटित किया गया। भूखण्ड संख्या 393 सेक्टर–01, रामराज नगर योजना की लीजडीड प्राधिकरण द्वारा दिनांक 26.08.2011 को श्री रामस्वरूप टाक पुत्र श्री नाथुराम टाक के नाम जारी की जा चुकी है ।

भूखण्ड संख्या 393 सेक्टर–01, रामराज नगर योजना श्री रघुनाथ सिंह गौड पुत्र श्री प्रातप सिंह गौड द्वारा उक्त भूखण्ड का रजिस्ट्रर्ड पंजीकृत बैचान दिनांक 16.07.2012 को श्रीमति प्रेम कंवर राठौड पत्नी श्री पन्ने सिंह राठौड को कर दिया गया । श्रीमति प्रेम कंवर पत्नी श्री पन्ने सिंह राठौड द्वारा उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण करवाने के लिए दिनांक 23. 05.2018 आवेदन प्रस्तुत किया गया ।

उपायुक्त (पश्चिम) द्वारा पूर्ण जांच कर निर्णय लिया गया कि भूखण्ड का दोहरा आवंटन हो जाने के कारण प्रार्थी श्री रामस्वरूप टाक पुत्र श्री नाथुराम टाक को रामराज नगर योजना में उसी अनुरूप अन्य समकक्ष भूखण्ड आवंटन करने हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष रखा जाने का निर्णय लिया गया है ।

अतः प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है ।

निर्णय

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से प्रस्ताव अनुसार श्री रामस्वरूप टाक पुत्र को विकल्प में आवंटित भूखण्ड संख्या 393/1 रामराज नगर योजना जिसका दोहरा आवंटन हो चुका है, के बदले में समतुल्य भूखण्ड रामराज नगर योजना में दिये जाने का निर्णय लिया गया। पूर्व में प्रार्थी को आवंटित भूखण्ड के स्थान पर यह वैकल्पिक भूखण्ड आवंटित किये जाने के कारण प्रार्थी को पूर्व में आवंटित भूखण्ड का आवंटन निरस्त करते हुए प्रार्थी को जारी किये जाने वाले नवीन आवंटन आदेश में उक्त निरस्तीकरण का अंकन किया जावे।

प्रस्ताव संख्या 41 :: श्री आरिफ मलकानी पुत्र श्री एम.आर. मलकानी भू–खण्ड संख्या 58 सेक्टर–05, रामराज नगर योजना ग्राम चौखा के बदले अन्य भूखण्ड आवंटित करने बाबत।

कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की लॉटरी दिनांक 22.02.2018 के अनुसार रामराज नगर योजना ग्राम चौखा में श्री आरिफ मलकानी पुत्र श्री एम.आर. मलकानी को भूखण्ड संख्या 58 सेक्टर–05, क्षैत्रफल 15× 30 =41.81 वर्गमीटर का आवंटित किया गया । सडक का नाप 40' है । उक्त भूखण्ड का आवंटन पत्र दिनांक 26.03.2018 को जारी किया गया । प्रार्थीनी ने आवंटन पत्र के अनुसार भूखण्ड की कीमत राशि रूपये 2,38,451/– दिनांक 17.04. 2018 को जमा करवा दी गई । प्रार्थीनी द्वारा दिनांक 23.04..2018 को कार्यालय में लीजडीड (पट्टा) जारी करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया । भूखण्ड की लीजडीड (पट्टा) जारी करने की कार्यवाही में कनिष्ठ अभियन्ता से मौका रिपोर्ट मंगवाई गई। कनिष्ठ अभियन्ता की मौका रिपोर्ट अनुसार मौके पर भूखण्ड का क्षैत्रफल कम मिल रहा है । पीछे की तरफ कच्ची लम्बी चारदीवारी बनी हुई है । जो जानकारी अनुसार वन विभाग की हो सकती हे । साथ ही भूखण्ड संख्या 56, 57 की जगह वर्तमान में रोड बनी हुई है, जो हिंगलाज माता मंदिर गेट की ओर जा रही है । मौके पर भूखण्ड की साईज 15 × 30 = 41-81 वर्गमीटर के स्थान पर 25.6+23x15/2 = 33.79
वर्गमीटर का ही उपलब्ध हो रहा है । प्रार्थी को मौके पर भूखण्ड का क्षैत्रफल कम होने के कारण संशोधित आवंटन पत्र क्षैत्रफल 15 ~~×23 =~~ 32.05 वर्गमीटर का दिनांक 07.06.2018 को जारी किया गया। प्रार्थी को अधिक जमा क्षैत्रफल की राशि रूपये 57,974/– रिफण्ड करने का आदेश कार्यालय आदेश क्रमांक एफ–48/वसूली(पश्चिम)/2018/340–345 दिनांक 19.06. 2018 को जारी किया गया था। प्रार्थी द्वारा दिनांक 12.06.2018 को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर रामराज नगर योजना में उक्त भूखण्ड के बदले अन्य भूखण्ड आवंटन करने की मांग की गई ।

2/8/18

अतः प्रार्थी को इसी योजना में समकक्ष नाप का भूखण्ड व समान सडक की चौडाई पर आवंटन करने हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय

